संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......

28 फरवरी 2025, शुक्रवार

पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 07, अंक - 149

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

## राज्यपाल सोंगेय ञापामेना सिरा़मंत्री



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सोंगे सा़रदीमाहां हिलोक् हेमंत सोरेन दो़ राज भवन रेय ञापामेना। नोआ ताला रे गालमाराव ओ़कते राज्यपाल दो़ महाशिवरात्रि पो़रो़ब हिलोक् हजारीबाग रेहोयेन कुरमुता़हा घो़टना सेच् सिरा़मंत्रीयाक् धियाने आ़चुरकेत् ताया। नोआ छाडा, राज्यपाल दो़ पो़नो़त रे पेसा कानून प्रभावी रूप ते ला़गूय ला़गित् उसा़रा माछा नियमावली बेनाव ला़गित् हो़ंय मेतावादेया।

# मंईयां सम्मान योजना की बकाया राशि पर विधानसभा में हंगामा

## सरकार ने 15 मार्च तक भुगतान का दिया आश्वासन



खोबोरिया



**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान रांची विधायक सीपी सिंह ने मंईयां सम्मान योजना की बकाया राशि का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अभिभाषण में गलत दावा किया कि योजना की राशि लाभुकों को मिल रही है, जबकि जनवरी और फरवरी की किस्त अब तक नहीं मिली है। सीपी सिंह ने सदन में विधवा महिलाओं को मंईयां योजना का लाभ देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 18 से 50 साल की आयु की विधवा महिलाओं को केवल एक हजार रुपये मिलते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी महिलाओं का क्या दोष है कि उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने यही सवाल विकलांग महिलाओं के लिए भी उठाया और सरकार से अपील की कि 18 से 50 साल की विधवा और विकलांग महिलाओं को भी मंईयां योजना का लाभ दिया जाये। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सीपी सिंह को नियमावली को पढ़ने की सलाह दी। वहीं, विधायक सीपी सिंह के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि 15 मार्च तक मंईयां सम्मान योजना की बकाया राशि महिलाओं के खाते में डाल दी जाएगी। मंत्री ने सदन में सीपी सिंह के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि महिलाओं के खाते में जानी शुरू हो गई है। 15 मार्च तक बाकी बचे जितने किस्त हैं उसे महिलाओं के खाते में डाल दिया जाएंगे। मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मार्च के महीना का पैसा महिलाओं के खाते में जाना शुरू हो गया है। वहीं जनवरी-फरवरी के बचे किस्त 15 मार्च तक खाते में डाल दिए जाएंगे।

## पो़नो़त रेन रेंगेच् आर तायो़म आकानकोवाक् लाहान्ती गे आबो रेन सरकाराक् आसो़ल कामी : सिरा़मंत्री



**रांची।** सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़य मेन केदा जे पो़नो़त रेन मिमित् रेंगेच् हो़ड़ आर तायो़म आकानकोवाक् उतना़उ दो़ आबो रेन सरकाराक् आसो़ल का़मी काना। उनी दो़य मेन केदा जे ओनकोवाक् नोंकान एकराड़ इया़ते ओनको दो़ दोड़हा ते सत्ता दो़को ञाम आकादा। सिरा़मंत्री दो़ नोआ काथा सा़रदीमाहां हिलोक् बजट सत्र ओ़कते राज्यपालाक् अभिभाषण रे होयेन एपेरहेंडे तायो़म विपक्षकोवाक्कुकली रेयाक् तेला रेय मेन केदा। उनी दो़य मेन केदा जे पो़नो़त गो़ठो़नेन तायो़म पो़नो़त दो़ ओनकानलो़सो़त रेको ठेलाउ जुर कादाक्आ जे ओना ओडोङ रे ओनको रेनसरकाराक् उदगा़र दाक् जो़रो़येना। उनी दो़य मेन केदा जेसरकाराक् जाहांटाक् फैसला गे विपक्ष दो़ बाको सारहावेत् काना,बिचको़म विपक्षाक् का़मी दो़ एकेन काथा गांडेय गे सारेच् आकाना। सिरा़मंत्री दो़ गढ़वा रेन विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारीयाक् कुकली रेयाक् तेला एमो़क् तुलुच्ए मेन केदा जे रिम्स रे रान-मुरगा़न ला़गित् रूगी दो़ सीधा़ ते एटाक् जिला खो़नको हेच् दाड़ेयाक्आ। ओनको दो़ डाहार रे एटाक् सरकारी अस्पताल रे रान ओचोको ला़गित् दो़ बाको तेंगो ओचोयेत्कोआ। ओनका दो़ जाहांन सरकारी आदेश दो़ बा़नुक् आकादा। जुदि जाहांय गे नोंकानाक् हुकुमे जा़रीयाकादा एन्डेखान उनी उपा़र रे सरकार दो़ आसो़कायतेयकार्रवाईया। सारेच्आक् दो पेज 7 रे....

## 5508 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट पेश



**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 5508 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया। सदन में पेश तृतीय अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा ऊर्जा विभाग को 971.80 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी तरह से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता को 176.48 लाख रुपये, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग को 241.34 लाख रुपये, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को 612.62 लाख रुपये, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को 180.75 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त विभाग को 10471.61 लाख रुपये, पेंशन मद में 50,000 लाख रुपये, वाणिज्य कर विभाग को 50 लाख रुपये, खाद्य एवं जन वितरण एवं उपभोक्ता मामले को 74 लाख रुपये, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 16137.95 लाख रुपये, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को 14289.39 लाख रुपये, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को 150 लाख रुपये उद्योग विभाग के लिए 274.54 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इस अनुपूरक बजट में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सेकेंडरी शिक्षा विभाग को 18850.43 लाख रुपये एवं प्राथमिक एवं बजट शिक्षा प्रभार को 39293.50 लाख रुपये , महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को 26668.69 लाख रुपये और ग्रामीण कार्य विभाग को 87329 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

## सदन में उठी मॉब लिंचिंग बिल और ऊर्दू, अरबी, फारसी विवि के स्थापना की मांग



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को सदन में विधायक प्रदीप यादव ने मॉब लिंचिंग बिल को सदन में फिर से रखने और ऊर्दू, अरबी व फारसी यूनिवर्सिटी की स्थापना करने की मांग उठाई। इस पर मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि सरकार शेख भिखारी के नाम से अरबी-फारसी यूनिवर्सिटी की स्थापना पर विचार कर रही है। जल्द ही मदरसा बोर्ड का भी गठन किया जाएगा। अल्पसंख्यों के एमएसडीपी योजना के तहत पांच साल तक एक भी योजना नहीं लेने के सवाल पर मंत्री हफीजुल ने कहा कि कोरोना और राजनीतिक अस्थिरता के दौर के कारण इसकी बैठक नहीं हो पाई। 3 मार्च को इसकी बैठक होगी। आमिल-फाजिल को रांची यूनिवर्सिटी से जोड़ने का काम किया जा रहा है।

## जेपीएससी प्रथम भर्ती घोटाले के 21 आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने मांगा गिरफ्तारी वारंट

संवाददाता

**रांची।** जेपीएससी प्रथम नियुक्ति भर्ती घोटाले में चार्जशीटेड आरोपियों की मुश्किलें बढ़ने वाली है। मामले के जांच अधिकारी ने गुरुवार को सीबीआई कोर्ट में आवेदन देकर 21 आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया है। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी संभव है। सीबीआई ने जिन आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया है, उसमें शालिनी विजय का भी नाम है। शालिनी विजय के साथ उनकी मां और भाई का शव संदिग्ध हाल में केरल के कोच्चि में 21 फरवरी को मिला था। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने बीते 16 जनवरी को भर्ती घोटाले में 47 अफसरों समेत कुल 74 आरोपियों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। समन जारी होने के बाद मामले में अब तक लगभग 32 आरोपियों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाई है। मामले में सीबीआई ने जिन आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट का आग्रह किया है, उसमें हेमा प्रसाद, डॉ. बिजय प्रसाद सिंह, परमानंद सिंह, डॉ. हरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. बीरेंद्र सिंह, डॉ. हरेंद्र नारायण , राज महेश्वर राम, प्रदीप कुमार, चिंटू दोराई बुरू, सौरव प्रसाद, अनवर हुसैन, संदीप दुबे, शालिनी विजय, दीपू कुमार, पंकज कुमार, धीरेंद्र सिंह, भागीरथ प्रसाद, मोहम्मद जियाउल अंसारी, दिनेश कुमार रंजन, सागर कुमार और प्रेमलता मुर्मू के नाम शामिल हैं।

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बताएं पानी की गुणवत्ता : हाईकोर्ट

**रांची (संवाददाता) ।** देवघर के मधुपुर के अलखामुरी में पत्थर खनन से नदी में हो रहे प्रदूषण पर हाईकोर्ट ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने बोर्ड को यह बताने को कहा है कि प्लांट से ट्रीटमेंट होने के बाद पानी की गुणवत्ता कैसी है। ट्रीटमेंट के बाद नदी में जाने वाले पानी से प्रदूषण हो सकता है या नहीं। मामले की अगली सुनवाई अगले माह होगी।गुरुवार को सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि पत्थर खनन करने वाली कंपनी ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया है। खनन के बाद प्रदूषित पानी सीधे में नहीं जा रहा है। प्लांट से ट्रीटमेंट के बाद पानी नदी में जा रहा है। बता दें कि हाईकोर्ट नदी के प्रदूषित होने पर स्वतः संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई कर रहा है।

## जीएसटी और सीमा शुल्क के मामलों में एफआईआर के बिना भी मिल सकती है अग्रिम जमानत : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि अग्रिम जमानत का प्रावधान जीएसटी और कस्टम कानूनों पर भी लागू होता है। यानी, अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, तब भी वह अग्रिम जमानत के लिए अदालत जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरश और न्यायमूर्ति बेला



एम त्रिवेदी की पीठ ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने पिछले साल 16 मई को इस मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था।

## सीएम आज करेंगे स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ

## 5 लाख तक होगा फ्री इलाज

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत 28 फरवरी को होगी। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इस योजना के लाभुक परिवारों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। गंभीर बीमारियों के लिए बीमा राशि बढ़कर मिलेगी। झारखंड विधानसभा के सभागार में होने वाले समरोह में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव भी मौजूद रहेंगे। आइए जानते हैं क्या है स्वास्थ्य बीमा योजना और इसका लाभ किन परिवारों को दिया जाएगा।इस योजना में लाभुकों और आश्रितों को प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। दिव्यांग, आश्रितों को आजीवन इस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। लाभुकों को चिन्हित गंभीर बीमारियों के चिकित्सा के लिए पांच लाख तक की अतिरिक्त सीमा यानि 10 लाख रुपये की अधिसीमा तक के इलाज पर हुए खर्च का वहन सरकार करेगी।



# सरकार ने महज 37 प्रतिशत ही खरीदा धान : बाबूलाल

संवाददाता

रांची । झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद में भाग लेते हुए भोजनावकाश के बाद भाजपा के विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों का हितैषी बनती है, लेकिन अब तक महज 37 प्रतिशत ही धान की खरीदारी किसानों से की गई है, जबकि 60 लाख क्विंटल धान की खरीदारी होनी थी। बाबूलाल ने कहा कि चुनाव में झामुमो ने धान धरीदारी करने का जो वादा किया था, लेकिन अभी किस रेट में खरीदारी हो रही है। यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। बाबूलाल ने कहा कि राज्यापाल के अभिभाषण में कही गई बातों से सदन का सदस्य सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि अभिभाषण में राज्य सरकार के पिछले कार्यकाल में किए गए कार्यों का कोई जिक्र नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्यों में हुए चुनाव नतीजों के लिए झामुमो के वरिष्ठ विधायक प्रो स्टीफन मरांडी ने चुनाव आयोग को बधाई दी है। उन्हें इस बात को कांग्रेस को समझाना चाहिए जिसे ईवीएम पर भरोसा ही







नहीं है। **बालू के खेल में कई आइएएस, कार्रवाई करे सरकार : सत्येन्द्र नाथ**

भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने राज्य में बालू की किल्लत होने के खेल में आइएएस अधिकारियों के शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने मामले की जांच कर सरकार से दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। तिवारी ने सदन को बताया कि पिछले पांच वर्षों में किस तरह से जेएसएमडीसी ने बालू को आम लोगों तक नहीं पहुंचने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इस खेल में कुछ सफेदपोश नेताओं का भी हाथ है। तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में पास-पास का खेल चल रहा है। गढ़वा का यदि कोई मरीज रिम्स में इलाज के लिए आता है तो उसे बीच में ही सदर अस्पताल में रेफर कर दिया जाता है। इससे गंभीर मरीज का बचना मुश्किल हो जाता है। तिवारी के इस बात पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि यदि किसी मरीज की स्थिति चिंताजनक नहीं है तो पहले उसे किसी पास के सदर अस्पताल में भेजा जाता है ताकि उसका सही उपचार हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे आरोप न लगाएं। यदि कोई सही सुझाव हो तो दें, हम जरूर विचार करेंगे।

**जयराम ने बिजली के जर्जर तारों का मामला उठाया**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को विधायक जयराम महतो ने बिजली आर्पूति की बदहाली और जर्जर तारों का मुद्दा उठाया। उनके इस सवाल का मंत्री योगेन्द्र सिंह ने जवाब दिया।

सदन में विधायक महतो ने बिजली विभाग के कारनामों पर सवाल उठाते हुए कहा कि फरवरी-मार्च के महीने में सभी विभाग वसूली करते हैं क्या। बिजली विभाग ने 40 हजार रुपये का जुर्माना किया है। पूरे राज्य में पुराने जर्जर तार को कब बदला जाएगा। ट्रांसफरमर जलने पर विधायकों को अनुशंसा करनी पड़ती है। प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि ट्रांसफार्मर और तार बदलने के लिए विधायकों की अनुशंसा की जरूरत नहीं है। टोलफ्री नंबर, व्हाट्सएप नंबर और बिजली वितरण निगम के वेबसाइट पर इसकी सूचना दे सकते हैं। तार बदला गया है। समय-समय पर पुराने तार भी बदले जा रहे हैं। विधायक मनोज कुमार यादव ने चंदवारा प्रखंड के खांडी, कोटवाडीह, जामुखांडी और उरांवा में सिंचाई सुविधा की मांग की। इस पर मंत्री हफीजुल ने कहा कि जल्द ही इस क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा।

# विधायक प्रदीप यादव ने अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षणिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ेपन का मुद्दा उठाया

## मदरसा बोर्ड के गठन की प्रक्रिया चालू हैः हफीजुल हसन

संवाददाता

रांची । विधायक प्रदीप यादव ने बजट सत्र के तीसरे दिन पहली पाली में मुस्लिम अल्पसं यक समुदाय के शैक्षणिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़ेपन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अल्पसं यकों के लिए स्वीकृत एमएसडीपी योजना में केंद्र सरकार ने पिछले आठ सालों से एक रुपया भी नहीं दिया। योजना आज पूर्णतः बंद कर दी गई है। सरकारी स्कूलों में उर्दू शिक्षकों के पद रिक्त हैं। सरकारी मदरसों की भवन अति जीर्णशीर्ण एवं उर्दू शिक्षकों के पद खाली हैं। राज्य में बुनकर सहयोग समितियों के उत्थान के लिए कोई अनुदान का प्रावधान नहीं होने के कारण एवं बिजली में रियायत न होने के कारण सारी सहयोग समितियां रुग्ण अवस्था में हैं। उन्होंने मांग की है कि शेख भिखारी अरबी फारसी-उर्दू विश्वविद्यालय स्थापित हो, जिसमें आलिम एवं फाजिल की पढ़ाई हो।





अल्पसं यक युवक-युवतियों के लिए, राजधानी रांची में एक 500 बेड का छात्रावास हो। भूमिहीन मुसलमानों को सरकार आवास के लिए पट्टा दे, ताकि वो बेहतर जीवन जी सकें।प्रभारी मंत्री हफीजुल हसन ने बताया कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसं यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अंतर्गत एमएसडीपी योजना वित्तीय वर्ष 2008-09 में प्रार भ की गई। वित्तीय वर्ष 2017-18 में यह योजना प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के नाम से पुनर्गठित किया गया है। यह योजना झारखंड में संचालित है।वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए योजनाओं की अनुशंसा के लिए मु य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक बीते 25 फरवरी को प्रस्तावित थी, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई। 3 मार्च को बजट पेश होने के दूसरी पाली में यह बैठक होगी। उसके बाद योजनाओं का चयन करते हुए स्वीकृति के लिए केंद्रीय अल्पसं यक कार्य मंत्रालय को भेजा जाएगा। हफीजुल ने कहा कि कक्षा एक से पांच के लिए पूर्व से स्वीकृत 4401 इंटर प्रशिक्षित उर्दू सहायक शिक्षकों के पद के विरुद्ध वर्ष 2015-16 में 689 इंटर प्रशिक्षित उर्दू सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है। वर्तमान में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित उर्दू सहायक आचार्य के 5478 पद तथा मध्य विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित उर्दू सहायक आचार्य के 1754 पद स्वीकृति के लिए प्रस्ताव सक्षम प्राधिकार को भेजा जाएगा। बुनकर सहयोग समितियों के उत्थान के लिए राज्य योजना अंतर्गत प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति का सुदृढ़ीकरण की योजना संचालित की जा रही है। उच्च शिक्षा के लिए शेख भिखारी अरबी-फारसी-उर्दू विश्वविद्यालय स्थापित करने, जिसमें आलिम एवं फाजिल की पढ़ाई हो, के संबंध में अन्य राज्यों का अध्ययन किया जाएगा। उसके बाद सरकार इसके गठन पर विचार करेगी।

# दो गुटों के बीच झड़प में मामला दर्ज, पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील

हजारीबाग । जिले के इचाक प्रखंड के डुमरौन में दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद घटना स्थल पर पुलिस बल तैनात है। हालांकि इलाके में स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस प्रशासन ने पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जिला पुलिस बल को तैनात किया गया है। इधर, घटना के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि देश संविधान से चलता है। इधर, पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना के संबंध में प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति कुमारी ने बताया कि दोनों पक्षों से 45 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं दो सौ अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में कानून के तहत अग्रतर कार्रवाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि डुमरौन गांव में लोहे के खंभे पर लाउडस्पीकर बांधने के विवाद में बुधवार को दो गुटों में झड़प हो गई थी। दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ था। पत्थरबाजी में लगभग छह लोग घायल हो गए थे। उपद्रवियों ने एक बोलेरो, छह बाइक, एक स्कूटी और साइकिल को आग के हवाले कर दिया था। इस दौरान सड़क पर खड़ी ऑटो को पलट दिया और एक बाइक को कुएं में डाल दिया गया था। घटना में आठ वाहन जलकर राख हो गए। घटना के बाद पुलिस उपद्रवियों को लगातार चिन्हित कर रही है।

# कुलाधिपति ने एनपी विवि के भवन निर्माण की गुणवत्ता पर चिंता जतायी, जांच में पाई गई अनियमितताएं

संवाददाता

रांची । राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उनके निदेश पर गठित जाँच समिति द्वारा समर्पित प्रतिवेदन में गंभीर अनियमितताएँ पाई गई हैं। प्रतिवेदन के अनुसार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप नहीं है तथा संवेदक द्वारा निम्न स्तर का कार्य किया गया है। झारखण्ड भवन निर्माण निगम के अभियंताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उचित अनुश्रवण के अभाव में यह स्थिति उत्पन्न हुई है।राज्यपाल ने इस बात पर विशेष नाराज़गी व्यक्त की है कि विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा बिना समुचित निरीक्षण के इस भवन को हस्तांतरित कर लिया गया, जबकि वहां पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का भी अभाव है। इस संदर्भ में उन्होंने झारखण्ड भवन निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक को एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर इस भवन निर्माण में पाई गई कमियों की गहन समीक्षा करने तथा बीओक्यू एवं एकरारनामा के अनुसार कार्यों में पाई गई विसंगतियों पर स्पष्ट प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। राज्यपाल ने पलामू के कार्यपालक अभियंता,जेएसबीसीसीएल द्वारा मुख्यालय एवं विश्वविद्यालय को प्रस्तुत गलत प्रतिवेदन, जिसमें पेयजल व्यवस्था जैसी असत्य जानकारी दी गई, पर कड़ी नाराज़गी प्रकट करते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निदेश दिए हैं। इसके अतिरिक्त, राज्यपाल ने इस योजना के संवेदक मेसर्स छावडा एवं जेके इंजीनियरिंग द्वारा बीओक्यू के अनुरूप कार्य नहीं करने एवं निम्न स्तर का कार्य करने के लिए निगम को इनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही, झारखण्ड भवन निर्माण निगम के प्राक्कलन में 40 प्रतिशत की वृद्धि के संबंध में भी स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं।राज्यपाल-सह-कुलाधिपति ने नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव एवं अन्य अधिकारियों, जिनके प्रतिवेदन के आधार पर भवन का हस्तांतरण किया गया, जैसे डीन स्टूडेंट वेलफेयर,सीसीडीसी एवं प्रॉक्टर से भी स्पष्टीकरण मांगा है तथा उनके विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई हेतु निदेशित किया है। विदित हो कि राज्यपाल के समक्ष राधाकृष्ण किशोर, माननीय मंत्री, झारखण्ड सरकार द्वारा 13 फरवरी को नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता के संदर्भ में शिकायत की गई थी। राज्यपाल ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया ।

# जेपीएससी सिविल सेवा घोटाला: सीबीआई कोर्ट ने 10 आरोपितों की जमानत याचिका खारिज

रांची । जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के आरोपितों को सीबीआई कोर्ट से झटका लगा है। विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को 10 आरोपितों की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने हरिबंश पंडित, योगेंद्र प्रसाद, प्रवीण रोहित कुजूर एवं बिजय कुमार सहित अन्य को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। आरोपितों ने पिछले दिनों अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। वहीं अजय सिंह बड़ाईक की याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना सुरक्षित आदेश 28 फरवरी को सुनाएगी। जबकि सीमा सिंह एवं मोहन लाल मरांडी की याचिका पर मार्च के पहले सप्ताह में सुनवाई होगी।

# पतरातू में 1.76 करोड़ की लागत से बनेगा 50 सोलर स्वचालित जल मीनार

रामगढ़ । रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड में 1.76 करोड रुपए की लागत से 50 सोलर स्वचालित जल मीनार बनाया जाएगा।यह घोषणा रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने गुरुवार को की है। पीवीयूएनल की ओर से सीएसआर के तहत जिला प्रशासन को 1.76 करोड रुपए की राशि दी गई। इस राशि से आने वाली गर्मियों के मौसम में जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने का काम होगा। पीवीयूएनएल के अधिकारियों की ओर से गुरुवार को डीसी चंदन कुमार को चेक सौंपा गया। डीसी ने पीवीवीएनएल के जरिये की गई इस पहल की सराहना की। पीवीयूएनएल की ओर से उपलब्ध कराई गई राशि से रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 50 सोलर स्वचालित जल मीनारों का अधिष्ठापन कराया जाएगा। वहीं सोलर स्वचालित जल मीनार अधिष्ठापन का कार्य पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ की ।

# मंत्री अन्नपूर्णा ने डीजीपी से हजारीबाग मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का किया आग्रह

रांची । केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष समुदाय द्वारा हिंसक झड़प, पथराव और आगजनी कर दहशत फैलाने की घटना को चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि



प्रशासन की नाक के नीचे घटित इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से साबित होता है कि हेमंत सोरेन की झामुमो -कांग्रेस गठबंधन सरकार हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करने में नाकाम है।झारखंड, और खास तौर पर हजारीबाग में हिंदू पर्व त्योहारों पर विशेष समुदाय द्वारा हिंसा फैलाने का यह पहला मामला नहीं है। हाल के वर्षों में रामनवमी, नवरात्रि, सरस्वती पूजा और महाशिवरात्रि के त्योहार में लगातार सुनियोजित साजिश के तहत समुदाय विशेष द्वारा दंगा फसाद और हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। पूर्व की घटनाओं को देखते हुए इस बार भी भी गड़बड़ी होने की आशंका के बावजूद राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा ना तो सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए गए, ना ही उपद्रवियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा को आश्चर्य की बात यह है कि कल खुद थाना प्रभारी और पुलिस बल की मौजूदगी में पथराव शुरू हुआ और खुलेआम वाहनों को आग लगाई गई। इसके बावजूद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बदले पीड़ित पक्ष के निर्दोष लोगों को ही पुलिस आरोपी बनाने में लगी है। इससे साफ जाहिर होता है ।

# हथियार के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

लातेहार ।लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों को मनिका थाना क्षेत्र के दोमुहान के पास से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अपराधियों में छिपादोहर थाना क्षेत्र के ओपाग गांव निवासी गौतम कुमार और देवबली कुमार सिंह, लातेहार के टेमकी की गांव निवासी साहिल अंसारी एवं मनिका निवासी रोहित सिंह शामिल है।पुलिस ने अपराधियों के पास से एक पिस्टल और गोलियां भी बरामद की है। गुरुवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि राहुल सिंह गिरोह के अपराधी निर्माणाधीन फोरलेन सड़क निर्माण के साइडिंग पर हिंसक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। जानकारी मिलने के डीएसपी भरत राम और थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाई। पुलिस को देखकर अपराधी अपने मोटरसाइकिल से भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

# चतरा सांसद के विरुद्ध झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने खोला मोर्चा, काला बिल्ला लगाकर किया विरोध

संवाददाता

चतरा । झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ चतरा जिला ईकाई ने सांसद कालीचरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सांसद की ओर से किए गए अमर्यादित टिप्पणी से नाराज संघ ने गुरूवार को काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के सदस्यों ने जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में कार्यरत सदस्यों ने काला बिल्ला लगाकर सांसद के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। संघ ने सांसद कालीचरण सिंह पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग, गाली-गलौज और अपमानित करने का गंभीर आरोप लगाया है। डीएमएफटी मद से शहर में लगाए गए सोलर लाईट मामले में गड़बड़ी की जांच कर रहे अपर समाहर्ता, नगर परिषद पदाधिकारी और विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता की संयुक्त टीम के विरुद्ध चमड़े की रखवाली कुत्ते को सौंपी गयी है जैसे अमर्यादित शब्दों का चयन अपने शिकायत पत्र में करने का सांसद पर लगाया है। पूर्व में डीडीसी के विरुद्ध भी सांसद पर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप संघ ने लगाया है।



जिला मुख्यालय में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा के नेतृत्व में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ चतरा जिला इकाई की आपात बैठक हुई। सांसद के जरिये वरीय अधिकारियों के प्रति नकारात्मक और अपमानजनक कार्यशैली के विरुद्ध काला बिल्ला लगाकर विरोध जताने का निर्णय हुआ। माफी नहीं मांगने पर संघ ने चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी भी दी है। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनींद्र भगत, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम सहित जिला स्तरीय और जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे। चतरा डीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि सांसद कालीचरण सिंह ने वरीय पदाधिकारियों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की है। जांच में भी यह बात स्पष्ट हो गई है। ऐसे में पहले दिन काला बिल्ला लगाकर विरोध किया गया। आगे भी संघ के जरिये चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी की जा रही है। इस मुद्दे को राज्य स्तर तक लेकर जाएंगे। चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि उनकी छवि और प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। वे किसी के खिलाफ अनर्गल और अमर्यादित बातें नहीं कही है। ऐसे में संघ के द्वारा क्यों आंदोलन किया जा रहा है उनके समझ से परे है।

# अपहरण कांड में ग़ालिब के खिलाफ जारी हुआ वारंट

रामगढ़ । रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र से अपहृत की गई युवती आशा वर्मा को लेकर पुलिस काफी सक्रिय है। एसपी अजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि अपहरण कांड संख्या 38/25 में पुलिस ने न्यायालय से वारंट मांगा था। न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। एसपी ने बताया कि आशा वर्मा के भाई रौनक कुमार वर्मा ने अपनी बहन के अपहरण कांड में चितरपुर, दर्जी मोहल्ला निवासी मो ग़ालिब और उसके सहयोगियों के बारे में जिक्र किया था। वर्तमान समय में ग़ालिब खान उर्फ राजा केरल राज्य के अलपुंझा जिला अंतर्गत कायमकुलम थाना क्षेत्र में मौजूद है। रामगढ़ पुलिस की टीम उस थाना क्षेत्र में पहुंची हुई है। न्यायालय से जारी वारंट भी टीम को भेज दिया गया है। स्थानीय पुलिस के सहयोग से गालिब को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। आशा वर्मा के केस में शामिल अधिवक्ता जया एस लता ने बताया कि गुरुवार को हाई कोर्ट केरल में सुनवाई हुई। आशा वर्मा ने बालिग होने के साथ अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई थी। हाई कोर्ट ने उसे पुलिस सुरक्षा मुहैया करने का आदेश दिया है। कोर्ट में बहस के दौरान यह मुद्दा उठाया गया कि आशा वर्मा को अपहृत कर झारखंड के रामगढ़ जिले से केरल के अलपुंझा जिले में लाया गया है। लेकिन आशा ने खुद यह स्पष्ट किया कि वह अपनी मर्जी से यहां आई है। वह बालिग है और अपने फैसले खुद ले सकती है।

# हजारीबाग हिंसा एक दिन नहीं, पांच साल की सोच का नतीजा : भाजपा


रांची । भाजपा ने हजारीबाग जिले के इचाक में महाशिवरात्रि के दिन हुई हिंसा पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस घटना के लिए राज्य सरकार को पूर्ण रूप से जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह हिंसा सिर्फ एक दिन की घटना नहीं है, बल्कि यह पिछले पांच वर्षों की नीतियों और सोच का परिणाम है, जो धीरे-धीरे झारखंड को भीतर से कमजोर कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह तुष्टिकरण की वही राजनीति है, जिसकी नींव कांग्रेस ने स्वतंत्रता से पहले ही रख दी थी और अब झारखंड इस नीति का प्रयोगशाला÷ बन चुका है। अजय साह ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और जेएमएम की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति विभिन्न रूपों में राज्य में दिख रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जबरन स्कूलों को शुक्रवार को बंद करवाना, अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण देना, स्लीपर सेल को राजनीतिक संरक्षण देना, आदिवासी लड़कियों को 'लव जिहाद' का शिकार बनाना, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ( पीएफआई) जैसे संगठनों का विस्तार और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण को बढ़ावा देना इसी नीति का हिस्सा हैं। साह ने 2022 में रांची में हुए दंगे का उल्लेख करते हुए कहा कि राजधानी में दिनदहाड़े उपद्रव हुआ था, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ कि उसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन था। उन्होंने कहा कि 10 जून की उस घटना ने पूरे झारखंड में उपद्रवियों को यह संकेत दिया कि वे चाहे शहर को जला भी दें, सरकार उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेगी। अजय साह ने आगे आरोप लगाया कि हेमंत सरकार की तुष्टिकरण की नीतियों ने झारखंड में अल-कायदा जैसे आतंकी संगठनों को पैर पसारने का अवसर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक सरकार के किसी भी मंत्री ने डॉ. इश्तियाक अहमद के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया, जो राज्य में अल-क़ायदा को बढ़ावा देने की वजह से गिरफ़्तार किया गया है।


# हेमलाल ने उठाए किसानों के मुद्दे, ऊर्जा मित्रों के भुगतान पर भी की चर्चा



रांची । झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को विधायक हेमलाल मुर्मू ने सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि धान की खरीद निर्धारित लक्ष्य से आधी भी नहीं हुई है। साथ ही, एक क्विंटल धान पर 90 किलो का ही भुगतान किया जा रहा है, जबकि 10 किलो की कटौती की जा रही है। बिचौलिए किसानों से 1900 रुपये से 2000 रुपये प्रति बोरा धान खरीद रहे हैं, जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। इस मुद्दे पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यदि 10 किलो धान की कटौती की जा रही है, तो किसानों को 240 रुपये का घाटा उठाना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से इस पर राज्य स्तर पर ठोस निर्णय लेने की बात कही।मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार किसानों के लिए अच्छा काम कर रही है। 2.44 लाख किसानों ने निबंधन कराया है। 37 फीसदी किसानों को राशि का भुगतान हो चुका है। अप्रैल तक सभी किसानों का बकाया दे दिया जाएगा। स्पीकर ने मंत्री इरफान अंसारी को कहा कि आप काफी सेंसेटिव मंत्री हैं। इस पर प्रदीप यादव ने स्पीकर से कहा कि आपने इरफान को ज्ञान दिया। सरकार किन कारणों से बेहतर सुविधा नहीं दे पा रही है। एक बार में किसानों को पैसा भी नहीं मिल रहा है। इस पर इरफान अंसारी ने कहा कि तीन बार से विधायक हूं। मुझे ज्ञान काफी है। राज सिन्हा ने सदन में ऊर्जा मित्रों के बकाए का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि लगभग पौने पांच सौ ऊर्जा मित्रों को पांच महीने से पैसा नहीं मिला है। लगभग चार करोड़ रुपए बकाया है। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जबाव देते हुए कहा कि ऊर्जा मित्र को ऊर्जा साथी के रूप में समायोजित किया गया है, जिन ऊर्जा मित्रों पर चार्ज फ्रेम किया गया है, उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

# कसम खाकर बोल रहा हूं ,मैं मंत्री को नहीं पहचान रहा हूंः सीपी सिंह





विशेष संवाददाता

रांची। गुरुवार को सदन में एक रोचक मामला सामने आया। विपक्ष में अगली पंक्ति में बैठे भाजपा के बुजुर्गविधायक सीपी सिंह ने मंत्री चमरा लिंडा को पहचानने से इंकार कर दिया । जब चमरा लिंडा ने कहा कि सीपीसिंह मुझे पन्द्रह साल से जानते पहचानते हैं । शुरू में सीपी सिंह ने कहा कि हैलमेट लगाए मंत्री जो को मैं सचमुच नहीं पहचान पा रहा हूं। इतना कहने पर भी जब मामला नहीं सुलझा तो उन्होंने कहा कि मैं कसम खाकर कर कह रहा हूं कि मैं मंत्री को नहीं पहचान पा रहा हूं। आसन्न पर बैठे स्पीकर रवीन्द्र नाथ महतो ने मामला उलझता देखकर सीपी सिंह के बचाव में कहा कि उम्र का तकाजा है शायद वह पहचान नहीं पा रहे हैं। विधायक सीपी सिंह सदन में 18 से 50 वर्ष की सभी महिलाओं को एक समान मइयां योजना की राशि 2500 देने की सरकार से मांग कर रहे थे। मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि इस योजना को लागू करने में केंद्र सरकार की भी समान भागीदारी होनी चाहिए। मंत्री के इस कथन पर पलटवार करते हुए सीपी सिंह ने कहा कि क्या राज्य सरकार ने मइयां योजना लागू करने के पहले केंद्र सरकार से पूछा था। इस सवाल पर मंत्री अनुतरित रह गए।

# सरयू राय को कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

रांची । गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में आरोपित पूर्व मंत्री व जदयू विधायक सरयू राय को कोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है। अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के पश्चात पिछले सप्ताह अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला गुरुवार को सुनाया। विधायक सरयू राय ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए 13 फरवरी को अर्जी दाखिल की है। मामले में एमपी/एमएलए की विशेष कोर्ट ने पिछले दिनों दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए उन्हें समन जारी किया था। अब कोर्ट ने संबंधित कोर्ट में उपस्थित होकर सरेंडर कर जमानत लेने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है क पूर्व मंत्री ने कोरोना काल में गोपनीय दस्तावेजों के आधार पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को कोरोना काल में किए गए राशि के उपयोग की जानकारी दी थी। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने 2 मई 2022 को डोरंडा थाना में भादवि की पांच धाराएं एवं गोपनीय दस्तावेज का लीक करने के तीन धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य 652 पीस जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार

पलामू । नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नक्सली संगठन टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य उपेन्द्र भुइयां को पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल से गिरफ्तार किया है। इसके निशानदेही पर .315 एमएम की 652 पीस जिंदा गोली पुलिस ने बरामद की है। नक्सली उपेन्द्र सारे कारतूस को छुपाकर रखा था और संगठन के पास ले जाने के लिए दस्ता छोड़कर आया था। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में बताया कि उपेन्द्र भुइयां वर्ष 2021 से टीएसपीसी में सक्रिय था।

# बांग्लादेशी घुसपैठिया को हजारीबाग जेल भेजने की मिली अनुमति

दुमका । बिना पासपोर्ट के अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी नागरिक नजमुल हवलदार की दो साल की सजा पूरी हो गई, लेकिन सुरक्षा बल नहीं मिलने की वजह से उसे गुरुवार को जेल से आजादी नहीं मिली। कारा प्रशासन के पत्र पर जेल आइजी ने उसे हजारीबाग के डिटेंशन सेंटर भेजने की अनुमति भी दे दी है। अब नजमुल को शुक्रवार या फिर शनिवार को हजारीबाग भेजा जाएगा। केंद्रीय कारा में बंद नजमुल बांग्लादेश के खुलना दक्षिण अंचल के बगेराहाट जिले के मोरेलगंज थाना क्षेत्र के शांतिभंगा गांव का रहने वाला है। उसे 24 फरवरी 2023 को साहिबगंज के तालझारी थाना की पुलिस ने रेलवे स्टेशन के आउटर के पास गिरी हुई अवस्था में गिरफ्तार किया था। अगले दिन साहिबगंज के राजमहल थाना में विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि ट्रेन में सवार लोगों ने उसे चोर समझकर फेंक दिया था। उसे भारतीय सीमा में प्रवेश कराने वाला सागर नामक भारतीय था। सागर से उसकी मुलाकात बांग्लादेश में हुई थी। उसने दिल्ली में काम दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपया लेकर सिलेट सीमा के पास अवैध तरीके से सीमा पार भेज दिया।

## उत्पादक समूह के पदाधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**साहिबगंज।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी पलाश के प्रखंड बरहरवा के सौजन्य से प्रखंड में गठित सभी उत्पादक समूह के पदाधिकारियों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण महेंद्र अतिथिशाला, बरहरवा में बीपीएम फैज आलम की अध्यक्षता में शुरू किया गया।प्रशिक्षण में प्रशिक्षक रहीम विश्वास और रामू रजवार के द्वारा उत्पादक समूह की जानकारी एवं उद्देश्य,उत्पादक समूह की गतिविधियों,उपयोगिता,सदस्य पात्रता,सेवाएं,विकास सहायता,भूमिका एवं महत्व, बिजनेस प्लान तैयार करने के साथ ही साथ खाता-बही संधारण इत्यादि की जानकारी विस्तारपूर्वक दी जाएगी।फ़ैज़ आलम ने बताया कि उत्पादक समूह के पदाधिकारियों को उनके अधिकारों,कर्तव्यों और समूह को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु आवश्यक जानकारियां प्रदान की जा रही हैं।

## डीसी ने निरीक्षण में पायी गड़बड़ी,पूछा शोकॉज, प्रधान लिपिक का वेतन रोका



**साहिबगंज।संताल एक्सप्रेस।** जिला के डीसी हेमंत सती ने जिला के कई सरकारी कार्यालयों का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया।उन्होंने श्रम विभाग,खाद्य निरीक्षक कार्यालय एवं सिविल सर्जन कार्यालय का निरीक्षण कर जायजा लिया। जहां कई अनियमितताएं पाने पर डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।श्रम विभाग कार्यालय में श्रमिकों के पंजीकरण,योजनाओं के क्रियान्वयन और पंजी संधारण से संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण किया। डीसी ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बरतने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।खाद्य निरीक्षक कार्यालय में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।निरीक्षण के दौरान खाद्य सैंपल पंजी संधारण में अनियमितता पाई गई।उन्होंने खाद्य निरीक्षक को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि खाद्य सैंपल की जांच में पारदर्शिता और तत्परता बरती जाए।निरीक्षण के अंतिम चरण में डीसी ने सिविल सर्जन कार्यालय में कार्यों की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक द्वारा संचिकाओं के संधारण में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।संचिकाओं के रखरखाव में लापरवाही को देखते हुए उपायुक्त ने प्रधान लिपिक को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल प्रभाव से उसका वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया।साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा। डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा कार्यालय होने के कारण यहां की कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। **डीसी द्वारा दी चेतावनी**डीसी ने सख्त लहजे में कहा कि कार्यालयों में कार्यप्रणाली को सुधारना उनकी प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि अनियमितता बरतने वाले पदाधिकारियों और कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


## डीसी ने जिला मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक कर राजस्व बढ़ाने का दिया निर्देश

साहिबगंज। उपायुक्त कार्यालय में गुरुवार को जिला के डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिले में संचालित मत्स्य पालन योजनाओं,जलकर बंदोबस्ती और राजस्व संग्रह की विस्तृत समीक्षा की गई। डीसी ने बैठक में 56 जलकरों की बंदोबस्ती की स्थिति और अब तक प्राप्त राजस्व संग्रह की जानकारी ली।उन्होंने निर्देश दिया कि जलकरों की बंदोबस्ती के लिए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाए।साथ ही राजस्व संग्रह के लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।मौके पर मत्स्य विभाग के अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## जन्म-मृत्यु निबंधन कार्यों की डीसी ने की समीक्षा बैठक

**साहिबगंज।** उपायुक्त कार्यालय में गुरुवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जन्म-मृत्यु निबंधन एवं सांख्यिकी कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को जन्म-मृत्यु निबंधन के कार्यों में कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया।उन्होंने समयबद्ध तरीके से आंकड़ों का संकलन और निबंधन सुनिश्चित करने की बात कही।बैठक में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी सदर अंगार नाथ स्वर्णकार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह (सदर), नगर प्रशासक स्मिता कुमारी (राजमहल) और नगर प्रशासक दीपक कुमार (बड़हरवा) उपस्थित थे।

## मध्यरात्रि में निकली बाबा बासुकीनाथ की बारात,



**जरमुंडी प्रतिनिधि।** महाशिवरात्रि पर बाबा बासुकीनाथ की पावन धरा शिव विवाह की दिव्यता से ओत प्रोत रहा। इस दौरान विवाहोत्सव में भाग लेने के लिए श्रद्धालु भक्तों की रिकॉर्ड भीड़ उमड़ी।बाबा बासुकीनाथ की बारात झाकी मध्यरात्रि के करीब निकली। शिवविवाह के कार्यक्रम में लगभग 2.25 लाख से अधिक श्रद्धालु देर रात तक विवाहोत्सव के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। महाशिवरात्रि पर बुधवार की मध्यरात्रि करीब बारह बजे के आस पास भोलेनाथ अपने निज मंदिर से पालकी पर सवार होकर पार्वती माता को ब्याहने बारात लेकर निकले। भक्तों की भारी भीड़ के साथ मंदिर प्रांगण की परिक्रमा करते हुए पूरब के हाथी दरवाजा से निकले। मंदिर की तीन परिक्रमा के बाद शिव बारात भारी भीड़ के साथ मुख्य बाजार से होते हुए नगर भ्रमण के लिए निकल पड़ी। बारात शोभायात्रा में ढोल-नगाड़े, डमरु-घड़ियाल, शंख और अन्य मंगल ध्वनियों वाले वाद्ययंत्रों की तीव्र होती आवाज,ज्यों ज्यों नजदीक आती जाती, बारात को निहारने के लिए सड़क किनारे खडे श्रद्धालुओं की व्यग्रता और बढ़ती जाती। तरह-तरह के मांगलिक वाद्ययंत्रो की तीव्र ध्वनि और भोलेनाथ के जयघोष से बासुकीनाथ की धरा पुलकित हो रही थी। सड़क के किनारे खड़े नगरवासी और अन्य श्रद्धालु स्त्री-पुरुष हजारों की भारी तादाद में मार्ग के दोनों किनारों पर खड़े होकर दूल्हा बने बासुकीनाथ की छवि निहारने के लिए बेताब हो रहे थे। वर के रूप में भोलेनाथ के प्रतीकात्मक त्रिशूल पर मोरमुकुट सचमुच वर की अतुलनीय शोभा बिखेर रही थी। दूल्हे को देखने के लिए आतुर नगरवासियों की नजरे बरबस टकटकी लगाए थी। फूलों से सजी बाबा की पालकी पर उनका प्रतीकात्मक त्रिशूल थामे पुजारी भी साथ बैठे थे। रजत त्रिशूल पर मोर मुकुट पहनाकर दूल्हा आकर्षक लग रहे थे। प्रतीक्षा में खड़े श्रद्धालुओं का पल पल बैचेनी में गुजर रहा था।तभी पालकी पर बाबा बासुकीनाथ और उनकी बारात मुख्य पथ पर भक्तों को नजर आई। ढोल नगाड़ा,शंख,घड़ियाल आदि वाद्ययंत्रों की तीव्र ध्वनियां तेज होती गई।सड़क के किनारे खड़े श्रद्धालुओं की नजरें मानो तृप्त हो उठी। नगर परिक्रमा करते हुए बाबा की बारात,नंदी चौक फिर नागनाथ चौक होते हुए मंदिर प्रांगण में लौट आई। माता पार्वती के मंदिर परिसर के बाहर श्रद्धालु महिलाएं मांगलिक वस्तुओं की थाल लिए स्वागत के लिए उत्सुक थीं। विवाह को लेकर विभिन्न रस्मों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की उत्सुकता बढ़ रही थी। बाबा बासुकीनाथ मंदिर प्रांगण में पहुंचे तो श्रद्धालु महिलाओं ने विधिवत तरीके से उनका दूल्हे के रूप में भव्य स्वागत किया। श्रद्धालु महिलाएं विवाह के गीत गा रही थी।

--

# एमटी राजा ने विधानसभा में उठाया गंगा कटाव की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज राजमहल।** स्थानीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विधानसभा में सदन की कार्रवाई के दौरान तारांकित प्रश्न सदन की पटल पर रखते हुए स्थायी समाधान की मांग किया है। उन्होंने विधानसभा सत्र में कहा कि गंगा कटाव साहिबगंज जिले की मुख्य समस्या है।झारखंड के एकमात्र साहिबगंज जिला में 83 किलोमीटर गंगा नदी प्रवाह होती है। प्रत्येक वर्ष 3 महीने बाढ़ और गंगा कटाव का दंश क्षेत्र के लोगों को झेलना पड़ता है।कटाव की चपेट में हजारों एकड़ भूमि, पंचायत भवन विद्यालय सहित कई गांव गंगा नदी में समा गए हैं। सदन के माध्यम से उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में 900 मीटर गंगा कटाव निरोधी कार्य करने का आश्वासन दिया गया है। वर्तमान में 600 मीटर का कार्य चल रहा है,जबकि आवश्यकता के अनुरूप यह काफी कम है,इसलिए विभाग की ओर से बाढ़ के महीने से पूर्व सर्वे करते हुए सभी कटाव क्षेत्र में कटावनिरोधी कार्य कराने की पहल की जाए।विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से भी विभाग को इस पर सकारात्मक पहल करने का निर्देश दिया गया है।विधायक ने कहा कि विभाग यह सर्वे करें कि गंगा कटाव से किसानों की कितनी भूमि गंगा नदी में समा गई और विस्थापित हुए परिवारों के पुनर्वास एवं उसके मुआवजा की दिशा में क्या पहल हुई है। वहीं राजमहल विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सिंचाई नल की साफ सफाई की मांग भी सदन में रखी गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सिंचाई योग्य भूमि है लेकिन सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भूमि अनुपयोगी हो जाती है। इस दिशा में भी कार्य करने की आवश्यकता है. इधर विधायक जी के द्वारा सदन में गंगा कटाव निरोधी कार्य को रखे जाने के बाद क्षेत्र के लोगों ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि गंगा कटाव निरोधी कार्य होता है तो निश्चित ही क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी।

# आदिवासी सांवता सुशार आखड़ा ने पारंपरिक शस्त्रों के साथ बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन




**दुमका ब्यूरो**

दुमकाः शहर में आदिवासी सांवता सुशार आखड़ा संगठन के सदस्यों ने गुरुवार को बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ जोरदार परंपरागत हथियार तीर-धनुष , कुल्हाड़ी से लैस होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आदिवासी संगठन के सदस्यों ने बाइक रैली भी निकाली. इस रैली में काफी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल थे। सभी के हाथों में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ बैनर और पोस्टर की तख्ती थी जिस परलिखा लिखा हुआ था कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को मार भगाना है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को हम हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे। बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसे लेकर आखड़ा के प्रमंडलीय संयोजक चंद्रमोहन हांसदा ने इस घटना के बाबत कहा कि एक तरफ सरकार यह दावा करती है कि एक भी बांग्लादेशी संथाल परगना में नहीं है। ऐसे में सरकार बताएं कि पिछले दो वर्षों से दुमका के केंद्रीय कारा में बंद बांग्लादेशी नागरिक नजमुल हवलदार कहां से गिरफ्तार हुआ था। सरकार इस पर गंभीरता से संज्ञान लें अन्यथा हम लोग बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन करेंगे।चेतावनी देते हुए कहा कि आदिवासियों की जमीनें लूटने तथा समाज की बहु-बेटियों की अस्मत से खिलवाड़ करने का प्रयास करने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों का संथाल पारगाना में सेंदरा किया जाएगा। बहुत हो चुका अन्याय, अत्याचार, जमीन लूट के षड्यंत्र अब बांग्लादेशी घुसपैठियों को बहुत भारी पड़ने वाला है।

कौन है यह नागरिक जिससे संथाल परगना की राजनीतिक परा में आया उफानराजमहल थाना में बांग्लादेशी नागरिक नजमुल हवलदार खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज हुआ था। न्यायालय ने उसे दो साल की सजा सुनाई थी। दो वर्ष पूर्व नजमुल हवलदार को साहिबगंज की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह बांग्लादेश के बागेरहाट जिले का रहनेवाला था और चोरी-छुपे भारतीय सीमा में प्रवेश कर गया था।

**क्या कहते हैं सेन्ट्रल जेल के सुपरिटेंडेंट** दुमका सेन्ट्रल जेल के सुपरिटेंडेंट कुमार चन्द्रशेखर ने बताया कि केंद्रीय कारा दुमका में गुरुवार को बांग्लादेशी नागरिक नजमुल हवलदार सजा पूरी हो रही है। इन ज्वलंत मुद्दों को लेकर आदिवासी संतालों का राष्ट्रीय महासम्मेलनउन्होंने यह भी कहा कि बहुत जल्द ही झारखंड सहित असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा एवं अन्य प्रदेशों में रहने वाले आदिवासी संतालों का राष्ट्रीय महासम्मेलन बुलाया जाएगा। इस महासम्मेलन में गैर आदिवासियों से शादी कर पंचायत मुखिया, पंचायत समिति, जिला परिषद, एम एल ए, एमपी रिजर्व कोटा से लड़ने वालों को लेकर बहुत बड़ा फैसला लिया जाएगा। आक्रोश रैली में कौन-कौन लोग थे शामिल आक्रोश रैली सह धरना प्रदर्शन में जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज, गोड्डा, देवघर एवं दुमका जिले से आदिवासी समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे, जिसमें मनोज कुमार हेंब्रम, कोरनेलियुस मुर्मू, नेल्सन सोरेन सोमनाथ किस्क, उमेश हांसदा, एनोस सोरेन, प्रदीप मुर्मू आदि शामिल थे।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**उधवा।** प्रखंड के आतापुर पंचायत अंतर्गत गोरापोखर के समीप गुरुवार को राजमहल विधायक एमटी राजा के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड अध्यक्ष अयुब अली उर्फ बबुआ व उपाध्यक्ष भैया किस्कू सहित अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रखंड अध्यक्ष अयुब अली उर्फ बबुआ ने इस अवसर पर कहा,आतापुर पंचायत के विकास के लिए विधायक लगातार काम कर रहे हैं। आम जनता अपनी समस्याओं को लेकर बेझिझक संपर्क करे,जरूर समाधान किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि नया ट्रांसफार्मर लगने से गांव में अब रोशनी की समस्या दूर हो गई है और लोगों को सुविधा मिलेगी। नया ट्रांसफार्मर के लगते ही उक्त गांव रोशनी से जगमगा उठा, इससे लोगों में काफी खुशी का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव में विगत कुछ दिनों पूर्व ट्रांसफार्मर के जल जाने से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी। जिससे ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे। विद्युत बाधित होने से विद्यार्थियों के पठन पाठन प्रभावित था। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष भैया किस्कू, जिप सदस्य प्रतिनिधि बर्नवास सोरेन, काजू मल्लिक,किशन किस्कू, कीनू सोरेन, जहांगीर शेख, मुखिया प्रतिनिधि विजय हांसदा सहित अन्य झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भुजवा टोला की झाड़ियों से एक अज्ञात महिला का अर्द्धनग्न शव बरामद

**संताल एक्सप्रेस**साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर, भुजवा टोला के समीप झाड़ियों से एक अज्ञात महिला का अर्धनग्न शव पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी मिलते ही वहां लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिला का आधा शरीर प्लास्टिक बोरी व कपड़ों में समाया हुआ था। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने शाम करीब पांच बजे झाड़ियां में एक महिला का शव देख पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी बंटी यादव ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन करते हुए शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया हत्या कर महिला का शव छुपाने के उद्देश्य से झाड़ी में फेंका गया होगा। थाना प्रभारी बंटी यादव ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## टेंपू पलटने से पति की मौत, पत्नी घायल

साहिबगंज। साहिबगंज जिले में आए दिन सड़क दुर्घटना में कई लोग अपनी जान गवा देते हैं। कई लोग तो गंभीर रूप से घायल भी हो जाते हैं। ताजा मामला साहिबगंज करम पहाड़ आवासीय विद्यालय में अपने बच्चे का नामांकन कराकर वापस लौटने के दौरान गुरुवार की शाम सड़क दुर्घटना हो गया। इसमे एक परिवार के पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि इसमे छह साल का पुत्र बाल बाल बच गया। वही पुलिस द्वारा घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच के दौरान डॉक्टर में जोगा पहाड़िया को मृत घोषित कर दिया। जबकि पत्नी सोलोमी पहाड़िन गंभीर रूप से घायल है। घायल पत्नी सोलोमी ने बताई कि एक ही परिवार के पांच से छह लोग के साथ यहां अपने पुत्र मंगलू पहाड़िया(06) को नामांकन के लिए यहां आई थी। शाम में टेंपू से अपना घर बोरियो थाना क्षेत्र के चशगामा पंचायत के बाडो लौटने के दौरान संध्या कॉलेज के आगे नवोदय स्कूल के पास अचानक एक बकरी आ गई। उसे बचाने के दौरान टेंपू पलट गया। इसमे जोगा पहाड़िया टेंपू से दबा गया। हालांकि अन्य सभी लोग बाल बाल बच गए। वही इलाज के लिए दोनो पति-पत्नी को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के दौरान जोगा पहाड़िया रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। इधर इस हादसे से पत्नी समेत परिजन का रो-रो कर हाल बुरा है। इधर जिरवाबाड़ी ओपी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# एसकेएमयू ने जारी किया पीजी एडमिशन प्रॉस्पेक्टस



**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने पीजी में दाखिले के लिए एडमिशन प्रोस्पेक्टस जारी कर दिया है। प्रोस्पेक्टस का अनावरण गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, वित्त पदाधिकारी डॉ बिजय कुमार, प्रोस्पेक्टस निर्माण समिति के सदस्य डॉ नीलेश कुमार, डॉ बिनय कुमार सिन्हा एवं दीपक कुमार दास उपस्थित थे। मालूम हो कि कई वर्षों के बाद विश्वविद्यालय की ओर से पीजी में दाखिले के लिए प्रोस्पेक्टस जारी किया जा रहा है। प्रोस्पेक्टस में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों की सूची, स्नातकोत्तर विभाग के सभी शिक्षकों की सूची, विश्वविद्यालय का कुलगीत, पीजी दाखिला प्रक्रिया, विभिन्न विषयों में उपलब्ध सीटें, दाखिला शुल्क, सेमेस्टर परीक्षा शुल्क, छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाएं, विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों के लिए उपलब्ध समिति, सीबीसीएस रेगुलेशन, छात्रों एवं शिक्षकों के लिए आचार संहिता, दाखिले के लिए पूछताछ के लिए सम्बन्धित पदाधिकारोयों का मोबाइल नम्बर, पिछले दीक्षांत समारोह के टॉपरों की सूची आदि शामिल है। सभी पांच पीजी केंद्रों और उपलब्ध सीटों, शिक्षकों की संख्या आदि का विवरण भी प्रॉस्पेक्टस में शामिल किया गया है।इस अवसर पर कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने प्रॉस्पेक्टस निर्माण समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इसमें पीजी एडमिशन के लिए लगभग सभी सूचनाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। इससे छात्रों को काफी सहूलियत होगा। उन्होंने कुलसचिव को निर्देश दिया कि प्रॉस्पेक्टस की एक प्रति सभी स्नातकोत्तर विभागों तथा एक प्रति सभी पदाधिकारियों को उपलब्ध कराएं। उन्होंने प्रवेश लेने वाले छात्रों को भी मात्र 50 रुपये में उक्त प्रॉस्पेक्टस उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बता दे सिदो कान्हु मुर्मू विवि में अभी पीजी का नामांकन चल रहा है ऐसे में छात्रों के लिए एडमिशन प्रोपेक्टस उपलब्ध कराया जाना विवि का एक सराहनीय कार्य है देश के सभी अच्छे विवि नामंकन से पूर्व एड्मिसन प्रोस्पेक्टस जारी करती है। इनसे विवि को को नेक अग्रिदेशन में लाभ मिलेगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय के नैक समन्वयक डॉ. नीलेश कुमार ने बताया कि यह विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणाली का हिस्सा है। इससे नैक के मार्गदर्शन में अच्छा प्रभाव पड़ेगा और लाभ होगा। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले ही विश्वविद्यालय ने प्रोस्पेक्टस तैयार करने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था, जिसमें विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलेश कुमार, स्नातकोत्तर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. बिनय कुमार सिन्हा और वाणिज्य विभागाध्यक्ष दीपक कुमार दास शामिल हैं। उक्त कमेटी ने प्रोस्पेक्टस तैयार किया है।

## मकान में लगी आग, घर जलकर खाक

दलाही। मसलिया थाना क्षेत्र के गोलबंधा पंचायत के हतियापाथर गांव के रविदास टोला में गुरुवार सुबह आठ बजे एक पुंवाल के मकान में आग लग गई। जिससे देखते ही देखते पूरा घर स्वाहा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार यह घर का मालिक जान बेसरा का बताया जा रहा है। गृहस्वामी जान उसी मकान में छोटा सा किराना दुकान चला रहा था। उन्होंने बताया कि दुकान में आये कुछ ग्राहकों को सामान दे रहा था। इतने में ही किसी ने बाहर से आवाज दिया कि घर में आग लग गयी है। जैसे ही बाहर निकल कर देखा तो आग की लपटें पूरे पुंवाल के चाल में फैल चुकी है। आनन फानन में आग बुझाने का भरसक कोशिश की गई लेकिन तब तक पूरा मकान व दुकान आग अपने चपेट में ले चुका था। आग लगने का कारण साट सर्किट बताया जा रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर अग्निशमक वाहन तो पहुंची लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गृहस्वामी जान बेसरा ने बताया कि दुकान की लगभग डेढ़ लाख की सम्मति जलकर नष्ट हो गयी है। उन्होंने बताया कि बहुत ही कष्ट से यह दुकान मेहनत से खड़ा किया था लेकिन आग की एक ही लपटों ने पूरा घर चौपट कर दिया। उन्होंने मसलिया अंचलाधिकारी से आपदा राहत कोष से सहायतार्थ गुहार लगाई है।

## भुजवा टोला की झाड़ियों से एक अज्ञात महिला का अर्द्धनग्न शव बरामद

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर, भुजवा टोला के समीप झाड़ियों से एक अज्ञात महिला का अर्धनग्न शव पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी मिलते ही वहां लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिला का आधा शरीर प्लास्टिक बोरी व कपड़ों में समाया हुआ था। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने शाम करीब पांच बजे झाड़ियां में एक महिला का शव देख पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी बंटी यादव ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन करते हुए शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया हत्या कर महिला का शव छुपाने के उद्देश्य से झाड़ी में फेंका गया होगा। थाना प्रभारी बंटी यादव ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर पीड़ित ने उपायुक्त से लगाया न्याय की गुहार

**संताल एक्सप्रेस**साहिबगंज / राजमहल थाना क्षेत्र के छोटा खुटहरी निवासी मजनू राय और अमरजीत राय ने अपने पैतृक जमीन पर अवैध कब्जे और अपराधियों द्वारा जान से मारने की शिकायत उपायुक्त हेमंत सती से करते हुए न्याय की गुहार लगाई हैं। इस सम्बन्ध में मजनू राय और अमरजीत राय ने बताया की स्वर्गीय निमाय राय के राजमहल आंचल के खुटाहरी मौजा के जमाबंदी ठुश -52, दाग़ ठुश - 376 में कुल 10 बीघा 11 कट्ठा 03 धूर जमीन पूर्वजो का हैं. जिसपर मजनू राय की सौतेली बहन धनेश्वरी देवी कुछ अपराधियों के साथ मिलकर अवैध रूप से कब्ज़ा कर रखी हैं। मजनू राय ने बताया की उनके पिता स्वर्गीय निमाई राय ने दो शादी किया था।पहली पत्नी की नाम टुसिया देवी था जिसकी एक मात्र बेटी धनेश्वरी देवी हैं।वही दुसरी पत्नी का नाम शांति देवी था जिसका एक मात्र पुत्र मजनू राय हैं।वही निमाय राय की बहन जशोदा देवी का बेटा अमरजीत राय ने भी उक्त जमीन पर हक़ जताते हुए अपनी माँ का हिस्सा मांग किया। इधर धनेश्वरी देवी जमीन का बटवारा किये बिना पुरे जमीन पर कब्ज़ा कर रखा हैं और अपने सौतेले भाई और फुफेरा भाई को हक़ देने से इंकार कर दी। इस मामले में राजमहल सिविल कोर्ट में ओरिजिनल पार्टीशन सुट - 19/25 दायर किया हैं। इसके वाबजूद धनेश्वरी देवी अपराधियों के साथ मिलकर मकान निर्माण करा रही हैं।जो अवैध हैं। रोकने पर जान से मारने की धमकी देती हैं। इस पर उपायुक्त ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया हैं।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर बच्चियों को किया गया जागरूक



**साहिबगंज।** जिला समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव के निर्देशानुसार मंथन संस्था एवं चाइल्डलाइन के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय,मंडरो में गुरुवार को बच्चियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम किया गया।मंथन संस्था के समन्वयक अमन वर्मा ने बताया कि वर्ष 2015 में भारत सरकार द्वारा देश में बढ़ते लैंगिक भेदभाव,भ्रूण हत्या और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत की गई थी।इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा 22 जनवरी 2015 को पानीपत, हरियाणा से की गई थी।उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकना,महिला सशक्तिकरण, शिक्षा,स्वास्थ्य,पोषण,आर्थिक विकास और सामाजिक सुधार को बढ़ावा देना है।वहीं चाइल्डलाइन के कोऑर्डिनेटर मोहम्मद इकबाल ने बच्चियों को जागरूक करते हुए बताया कि यदि कोई बच्चा रास्ते,ट्रेन या किसी अन्य स्थान पर खुद को असुरक्षित महसूस करता है तो वह चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क कर मदद ले सकता है।बच्चियों को बाल विवाह,बाल शोषण,बाल तस्करी एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित वीडियो दिखाकर विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चियों को शपथ ग्रहण करवाया गया और विद्यालय परिसर में पांच फलदार वृक्ष का रोपण भी किया गया।मौके पर नाहिद परवीन, वसीम राजा,शबनम परवीन, अवदेश कुमार,गौतम कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विवाहोत्सव के बाद शिव-पार्वती 15 दिनों के लिए कोहबर में निवास करेंगे

**जरमुंडी प्रतिनिध।** शिव विवाह संपन्न होने के बाद गुरुवार को बाबा बासुकीनाथ और मैया पार्वती मंदिर प्रांगण में बनाए गए कोहबर कक्ष में गए।यहां वे एक पखवाड़े तक संग संग निवास करेंगे । फाल्गुन पूर्णिमा के मौके पर बाबा बासुकीनाथ और मैया पार्वती के प्रतीकात्मक विग्रह को उनके निज मंदिरों में लाया जाएगा । बासुकीनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के दूसरे दिन गुरुवार को अपराह्न करीब पांच बजे पार्वती मंदिर से पुजारी द्वारा शिव के प्रतीकात्मक त्रिशूल व माता पार्वती को साथ लेकर पालकी पर नगर भ्रमण के लिए निकले। शिव एवं पार्वती के प्रतीकात्मक स्वरूप को पालकी पर सवार पुजारी ने थाम रखा था। नगर परिक्रमा के क्रम में हजारों भक्तों की भीड़ जय घोष करते हुए चढ़ौल के आगे पीछे साथ साथ चल रही थी। बाबा की सवारी नगर परिक्रमा के उपरांत पुनः मंदिर में वापस आए और विधिकर शौखी कुंवर के स्वजनों के द्वारा बाबा मंदिर में वर-वधू के स्वागत के पश्चात गर्भगृह में प्रवेश कराया गया। बाबा मंदिर में विशेष पूजन करने के पश्चात भंडार गृह में स्थानीय महिलाओं द्वारा बनाए गए कोहबर में भगवान शिव अपनी संगिनी माता पार्वती के साथ प्रस्थान किये। जहां भोलेनाथ माता पार्वती के साथ फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी उपरांत अमावस्या से लेकर अगले फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा तिथि यानी कि कुल 15 दिनों तक कोहबर में साथ-साथ रहेंगे। होली के दिन बाबा बासुकीनाथ और माता पार्वती कोहबर से निकलेंगे और अपने अपने निज मंदिर में निवास करेंगे। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर महिलाओं द्वारा गाये जा रहे वैवाहिक व मांगलिक गीतों व डीजे के धुन से गुंजायमान रहा।

## बाइक और गैस वाहन में हुई टक्कर, ड्राइवर फरार

**दलाही।** दुमका नाला मुख्य सड़क के मसलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत निपानिया में गुरुवार देर शाम बाइक और गैस वाहन में हुई टक्कर हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाइक चालक दलाही पंचायत के पथरिया गांव के पांचू मुर्मू उम्र 34 साल मेहमान घर से बलियाजोर की ओर जा रहा था इसी क्रम में दुमका की ओर से एक गैस टेंकर नाला की ओर जा रही । तिरछे मोड़ के पास निपानिया ( बेड़ियाजोड) के समीप दोने वाहनों में भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक चालक पांचू मुर्मू के पैर में गैस टेंकर का पहिया चढ़ जाने से घंभीर रूप से घायल हो गया हैं। वही गैंस टेंकर घटना के बाद फरार हो गई। ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस से घायल को उपचार हेतु सीएचसी मसलिया भेज दिया है।

## आर्शीवाद माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड

पुराना पताः डी.एन.सिंह,मकान संख्या 236,धावानगर,ज्ञानोदय स्कूल के पीछे गांधीनगर,पोस्ट जवाहर नगर।पिन संख्या- 834006 कांके,झारखंड।नया पता दीपेन कुमार साहू, मकान संख्या 102,गांवःबोरिया, पोस्टःबोरिया (निकट छोटकी तालाब),थानाकांके,जिला रांची (झारखंड )पिनकोड - 834006 में स्थापित किया गया है।(कांके शाखा को पुराने पता से नया पता में स्थानांतरित किया गया है)

## कुंभ में जब भेदभाव नहीं, बाकी समय क्यों ?

उत्तर प्रदेश सरकार दावा कर रही है, महाकुंभ में 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया है। आस्था के इस महापर्व कुंभ में श्रद्धालुओं और भक्तों के बीच में किसी किस्म का कोई भेदभाव नहीं था। सभी एक ही घाट पर जाकर नहा रहे थे। कोई किसी की जात-पात नहीं पूछ रहा था। यहां कोई गरीब और अमीर भी नहीं था। आस्था के इस महापर्व मैं जब कोई भेदभाव नहीं था तो बाकी के समय भारत में जाति, धर्म, गरीब-अमीर का भेदभाव क्यों होता है। क्या यह हमारा दोहरा आचरण नहीं है। कहा जाता है कि धर्म आचरण में धारण करना होता है। नारे लगाने से अथवा धार्मिक पुस्तकों को पढ़ने से धर्म नहीं आता है। धर्म आस्था से आता है, आस्था आचरण में होनी चाहिए। कुंभ के इस महापर्व मे प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर सही रास्ते पर चलने का भक्त संकल्प लेते हैं। भारत ने देश एवं दुनिया के देशों को महाकुंभ के इस आयोजन से यही संदेश दिया है। मानव समाज के बीच कोई भेदभाव नहीं हो सकता है। यदि हम इस बात को समझ जाएं और अपनी -अपनी परंपराओं के अनुसार धार्मिक आस्था को आचरण में लेकर आएं, तभी मानव संस्कृति और मानव समाज का विकास संभव हो सकता है। जनवरी और फरवरी माह में प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ। देश और विदेश से करोडों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। संगम तट पर सभी ने आस्था की डुबकी लगाई। गंगा और संगम में डुबकी लगाने से पाप धुलेंगे, यह संभव नहीं है। जो भी श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाने के लिए गए थे, उनके मन में आस्था का विश्वास था। गंगा में डुबकी लगाने के बाद उनके मन का मैल साफ होगा। उनके पाप कटेंगे, उनकी आत्मा और आचरण में शुद्धी आएगी। जिसके कारण वह परमात्मा की निकटता प्राप्त करेंगे। आस्था के कारण करोड़ों की संख्या में जो श्रद्धालु कुंभ पहुंचे हैं। उन्होंने तरह-तरह की तकलीफें और कष्ट झेले, कष्टों ने उन्हें प्रभावित नहीं किया। उनकी आस्था गंगा मैया में डुबकी लगाने की थी। उन्होंने डुबकी लगाकर यह सिद्ध कर दिया है। आस्था से वह जो पाना चाहते हैं, वह पाने में सफल होते हैं। कुंभ के आयोजन का इससे बड़ा अन्य कोई उदाहरण हो नहीं सकता है। महाकुंभ का यह पर्व भारतीय एकता का सबसे बड़ा संदेश है। जब बिना किसी भेदभाव के करोड़ों लोग एक स्थान पर पहुंचकर आपस में मिलकर अपनी आस्थाओं और परंपराओं के अनुसार धार्मिक आस्था के साथ बिना किसी भेदभाव के महापर्व को मनाते हैं। महाकुंभ के आयोजन में विभिन्न भाषाओं और विभिन्न धर्मों के लोग प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने अपनी धार्मिक आस्था के अनुरूप इस महापर्व में उपस्थित होकर धर्म को अपनी आस्था को आचरण में शामिल किया। इस महाकुंभ से हम इतना ही सीख पाएं। बिना किसी भेदभाव के हम अपनी धार्मिक पारंपरिक एवं कुल की आस्थाओं के अनुसार मानव विकास और मानव समाज के उत्थान के लिए काम कर सकते हैं। यदि यह सृजनशीलता भारत के सभी लोगों में देखने को मिले, तो भारत का आर्थिक एवं सामाजिक विकास दुनिया के सभी देशों से ज्यादा बेहतर ढंग से होगा। भारतीय संस्कृति हमेशा से सबको साथ लेकर चलती है। 84 लाख योनियों के साथ जियो और जीने दो का भाव रखती है। सभी एक दूसरे के ?लिये उपयोगी हैं। मानव समाज सामा?जिक ?विकास के साथ-साथ प्रकृति एवं संस्कृति का विकास भारतीय सनातन व्यवस्था करती है। हम सब भारतीयों के आचरण में यदि यह संस्कृति रहेगी तो हम दुनिया के सबसे संपन्न और सबसे ज्ञानवान देश होंगे इसमें कोई संदेह नहीं है। महाकुंभ से सारी दु?निया के देशों को यही संदेश जाता है।

## महाकुंभ का समापनः श्रद्धालुओं की विशाल संख्या ने दुष्प्रचार को बेमानी साबित किया

**-दीपक कुमार त्यागी**

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 26 फरवरी के सूर्यास्त के साथ महाकुंभ का समापन हो चुका है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 दिन चले इस महाकुंभ में 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी घाटों पर डुबकी लगाने वालों की यह संख्या कई देशों की मिलीजुली कुल आबादी से भी ज्यादा है। दुनिया में सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं से अधिक है। महाकुंभ ने देश-दुनिया में विश्व के सबसे प्राचीन सनातन धर्म की महान संस्कृति व अद्भुत परंपरा की दिव्यता का डंका बजाने का कार्य बखूबी किया। मोदी व योगी सरकार के प्रयासों से इस बार प्रयागराज में संगम की पावन धारा में 66 करोड़ लोगों ने डुबकी लगा कर तन-मन की शुद्धि और आत्मा की तृप्ति वाला अलौकिक अनुभव प्राप्त किया। इस बार महाकुंभ में 75 देशों के डेलीगेट्स के अतिरिक्त देश-दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों के सेलिब्रिटी व उद्योगपति भी शामिल हुए, जो सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के मद्देनजर बहुत अच्छा व सकारात्मक संकेत है। देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के प्रयासों व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रचार-प्रसार एवं लगातार प्रयासों के चलते महाकुंभ 2025 के शुरू होने से पहले ही लगभग 40-45 करोड़ लोगों के आने का अनुमान लगाया जाने लगा था।हालांकि समापन महाशिवरात्रि तक संगम तट पर 66 करोड़ से ज्यादा लोगों की भारी भरकम भीड़ उमड़ पड़ी, जिसने दुनिया को दिखा दिया कि अलग-अलग हिस्सों में बसे सनातन धर्मी एकजुट, कानून एवं अनुशासन पसंद हैं। तभी तो हजारों किलोमीटर की दूरी से आकर लंबी पैदल यात्रा के बाद भी अनुशासित ढंग से डुबकी लगाकर सनातन धर्म, संस्कृति, परंपराओं व ईश्वर भक्ति के अटूट विश्वास को बयां करने का कार्य किया। सनातन धर्म व संस्कृति पर सवाल उठाने वालों को भी शांतिपूर्ण ढंग से जवाब दिया है।महाकुंभ के दौरान देश में चंद लोगों की ऐसी जमात भी खड़ी हो गई जिन्हें महाकुंभ में सबकुछ गलत होता हुआ ही नजर आ रहा था। इस जमात को महाकुंभ की व्यवस्था में काफी खामियां नजर आई और उनकी नजर में हर तरफ गंदगी व अव्यवस्था का आलम था। यहां तक कि गंगाजल की पवित्रता पर भी संदेह व्यक्त किया जाने लगा। नदी में जल की जगह मल-मूत्र वाला नालों का जहरीला पानी नजर आने लगा। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये इस जमात ने जैसे कुंभ के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया। लेकिन 144 वर्ष बाद लगे इस महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं ने तमाम दुष्प्रचारों को अनसुना करते हुए अपनी आस्था की राह पर चल कर प्रयागराज पहुंचे और त्रिवेणी की धारा में उतर कर अपने धार्मिक विश्वास को जैसे सार्थक कर दिखाया। इतनी विशाल संख्या में पहुंच कर श्रद्धालुओं ने कीर्तिमान रच दिया। महाकुंभ नगरी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में महाकुंभ की तमाम व्यवस्था चाक-चौबंद नजर आई।
लोगों का मानना है कि योगी आदित्यनाथ के प्रयासों के चलते इस अलौकिक धार्मिक आयोजन को हमेशा याद रखा जाएगा। योगी सरकार ने जिस तरह महाकुंभ में आये लगभग 66 करोड़ से ज्यादा लोगों की सुख-सुविधा के लिए इंतजाम किये, वह प्रशंसनीय हैं। इसके बावजूद वोटबैंक की ओछी राजनीति के चलते महाकुंभ 2025 के शुरू होने से पहले योगी आदित्यनाथ व उत्तर प्रदेश सरकार को कुछ लोगों ने निशाने पर लेना शुरू कर दिया था। विपक्षियों को महाकुंभ में पहले दिन से गंदगी के अंबार, अव्यवस्थाओं की भरमार, गंदा जल, कड़ाके की ठंड में स्नान व भूख व प्यास से मरते लोग, तीन-तीन सौ किमी तक लंबा जाम नजर आ रहा था।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसी भी आलोचना की परवाह नहीं की। वे महाकुंभ 2025 की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद कर उसे सफल बनाने में लगे रहे। इस व्यवस्था को बनाने में केंद्र की मोदी सरकार व योगी सरकार ने 7500 करोड़ रुपए खर्च किये। जिसके फलस्वरूप लगभग 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने महाकुंभ पहुंच कर स्नान करके दुनिया के सबसे बड़े आयोजन का खिताब हासिल कर इतिहास रचने कार्य किया। वैसे देखा जाए तो महाकुंभ के इस आयोजन का धार्मिक आस्था के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था से भी बहुत गहरा संबंध है। इस आयोजन के दौरान प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, विंध्याचल, चित्रकूट, मथुरा-वृन्दावन, लखनऊ, आगरा, दिल्ली आदि में श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भारी भीड़ का तांता लगा रहा है, जिससे इस क्षेत्र का व्यापार जमकर फला-फूला है, जिससे उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी जबरदस्त मजबूती मिली।कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआइटी) के अनुमान के अनुसार, महाकुंभ में 3.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार होने की उम्मीद है। वहीं, सीटीआई के अनुमान के अनुसार महाकुंभ में 3.5 लाख करोड़ रुपए का व्यापार का अनुमान है, जिससे उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार दोनों को भारी लाभ होगा।

## मानव जीवन में विज्ञान की बढ़ती भूमिका

**- योगेश कुमार गोयल**

मानव जीवन को विज्ञान ने काफी आसान और सुविधाजनक बना दिया है। विज्ञान के प्रति युवाओं की कितनी रुचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रुचि जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है।दरअसल, इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सीवी रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक की स्मृति में मनाया जाता है। सर सीवी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था।पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी। उनके लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' की खोज के लिए उन्हें अनेक दूसरे पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात् भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि 'मेरे जैसे न जाने कितने रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया।राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। 2025 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम है 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना।' राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है,

इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को निरंतर बेहतर बनाया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं। असंभव दिखने वाले कार्यों को भी विज्ञान की मदद से ही संभव बनाते रहे हैं। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई प्रतिदिन बहुत सारी तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में करते हैं। ऐसे में हम सभी के लिए हमारे जीवन में विज्ञान के महत्व को समझना जरूरी है। हमारा समाज 21वीं सदी में जिस प्रकार अंधविश्वासों के साये में जीता है, ऐसे में विज्ञान की महत्ता समझते हुए समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हुए इन अंधविश्वासों के निर्मूलन की जिम्मेदार हम सबकी है।(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

---

### पाकुड़ की खबरें

## पत्नी ने ईंट से कूचकर की पति की हत्या

हिरणपुर (पाकुड़ )थानाक्षेत्र के धरनीपहाड़ में गुरुवार को एक पत्नी ने मामूली विवाद में अपने पति की ईंट से मारकर हत्या कर दी। मामले की जानकारी मिलते ही थाना एसआई गौरी शंकर प्रसाद ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार धरनीपहाड़ निवासी लोफरा पहाड़िया(30) वर्ष की अपनी पत्नी कमली पहाड़िन के बीच पारिवारिक बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। जिसके बाद कमली पहाड़िन ने आवेश में आकर अपने पति के सर पर ईंट से वार कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर मामले की छानबीन में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया में लगी थी।

## दो दिवसीय बामाखेपा जन्मोत्सव सह धार्मिक अनुष्ठान का हुआ समापन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़ । गुरुवार को प्रखंड अंतर्गत मालपहाड़ी ओपी थाना क्षेत्र के श्री श्री तारा मां बामदेव आश्रम में महाशिवरात्रि एवं बामाखेपा के जन्म उत्सव को लेकर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन को पूरे विधि विधान के साथ किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के गावों से बड़ी संख्या में धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिए । अनुष्ठान के अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया। दो दिवसीय पूजन उत्सव के तहत मां तारा के भक्त बामाखेपा के जन्म जयंती को लेकर काफी उत्साहित दिखे एवं विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान विधि विधान से पूरा किया। इसके पूर्व भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई। मौके पर मौजूद आश्रम के सुविमल चक्रवर्ती ने बताया कि यहां पर 1982 से ही मां तारा के भक्त बामाखेपा के नाम पर श्री श्री तारा मां बाम देव आश्रम की स्थापना की गई हैं। यहां बामदेव का प्रतिमा स्थापित किया गया है। दूर-दराज खासकर पश्चिम बंगाल के कोलकाता,तारापीठ, रामपुरहाट, वर्धमान समेत अन्य कई शहरों से बड़ी संख्या में भक्त यहां आते रहते हैं। यहां शंकर सेन गुप्ता, अनिल घोष,टुनटुनी राजवंशी का सहयोग प्राप्त होता रहा है। इसके अलावा स्थानीय लोगों में श्यामल गोस्वामी,शिशिर शाह के साथ-साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बल्टी विगत कई वर्षों से पूरी तरह से इस आश्रम के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होंने बताया की 5000 लोगों ने गुरुवार को महाप्रसाद ग्रहण किया।

## यूसुफ शेख ने रक्तदान किया




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़। शहर के सदर अस्पताल में इलाजरत रशीदा खातून जो गर्भवती मरीज के शरीर में ए पॉजिटिव खून की कमी के कारण काफी परेशानी हो रही थी । जिससे मरीज के परिजन बहुत परेशान दिखे। फिर मरीज के परिजनों ने लाइफ सेवियर्स समूह के से मदद की गुहार लगाई। परिजनों के परेशानी को देखते हुए अंजना निवासी यूसुफ ने मदद के लिए आगे आया और रक्त अधिकोष पहुंचकर रक्तदान किया। खून मिलने के बाद मरीज के परिजन ने रक्तदाता और समूह का आभार व्यक्त किया।मौके पर सोईबुर शेख ,और रक्त अधिकोष के कर्मचारी नवीन और पीयूष जी मौजूद रहे।

## डीएमएफटी के तहत विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**संवाददाता**

**पाकुड़।** गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में जिले के विभिन्न विभाग के अंतर्गत डीएमएफटी मद के माध्यम से संचालित योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को डीएमएफटी से स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास व सड़क निर्माण समेत, खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सभी



संचालित योजनाओं को निर्धारित समय के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही वैसी योजनाएं, जो पूर्ण कर ली गयी है, उन्हें जांच के बाद भुगतान करने का निर्देश दिया गया।?

## सत्य साइन समिति द्वारा किया गया महाप्रसाद का वितरण




पाकुड़। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर गुरुवार को श्री सत्य साईं सेवा समिति मोहनपुर द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री सत्य सेवा समिति मोहनपुर द्वारा मोहनपुर में महानरायण नारायण सेवा किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग नारायण प्रसाद ग्रहण किया। सत्संग एवं महाप्रसाद वितरण में रवि ठाकुर, उत्तम भगत, मोहन भगत, सी के भगत, देवेन महतो, मनू कुमार, जिला अध्यक्ष डॉ देवकांत ठाकुर एवं सैकड़ों अपना योगदान दिया।

## संयोजक ने रखी मुख्यमंत्री के पास जिले की समस्या



पाकुड़ । जिले के झामुमो जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख अजीजुल ईस्लाम ने गुरुवार को राज्य के मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन से औपचारिक मुलाकात कर पाकुड़ जिले की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर जिला संयोजक मंडली के सदस्य सुनील टुडू व हिरणपुर प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी मौजूद रहे।

## छात्र चेतना संगठन का मना स्थापना दिवस



**दुमका।** यज्ञ मैदान में छात्र चेतना संगठन ने गुरुवार को मनाया 27वां स्थापना दिवस समारोह। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय प्रमुख हिमांशु मिश्रा ने कहा कि संयुक्त बिहार में भी सं0 प0 उपनिवेश था और आज झारखंड राज्य के स्थापना के बाद भी स0 प0 उपनिवेश बना हुआ है। न ही हमारे यहां अच्छी शिक्षा व्यवस्था है और न ही स्वास्थ्य व्यवस्था। विद्यालय भवन का निर्माण तो हो गया है लेकिन शिक्षक नहीं 300-400 बच्चे पर एक शिक्षक है,आप इससे सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि पढ़ाई का स्तर क्या होगा। पूरी एक पीढ़ी शिक्षा से वंचित हो जा रही है, और ये वो बच्चे हैं जिनके माता-पिता मजदूरी करते हैं या खेती पर अपना जीवन यापन करते हैं। और सरकार मैया योजना पर अपनी पीठ थपथपा रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल शिक्षा व्यवस्था के तरह ही बदतर है जहां 50 चिकित्सक होना चाहिए वहां 15 चिकित्सक है, और इसका दुष्परिणाम यह है कि आज भी हमारे यहां के लोग अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर है। सिर्फ हमारे स0 प0 से 5000 बच्चों से भी अधिक बच्चे इंजिनियरिंग और मेडिकल कि तैयारी के लिए कोटा, दिल्ली जाने को मजबूर हैं, इसके लिए सरकार के पास कोई विकल्प नहीं है।सिविल सर्विस कि तैयारी के लिए भी सरकार के पास कोई ब्लू प्रिंट नहीं है। छात्र चेतना संगठन 27वां स्थापना दिवस पर स0 प0 प्रमंडल को विशेष दर्जा दिलाने के संघर्ष का शंखनाद करता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में दुमका के बच्चों ने अपने बेहतरीन प्रतीभा का प्रदर्शन किया। दुमका के उभरते कालाकार कृति ने राष्ट्रीय गीत से सबका मन मोह लिया धन्यवाद ज्ञापन राकेश मिश्रा ने किया मैंने मौके पर मुख्य रूप से उज्जवल मिश्रा,मालोती टुडू,गुलशन गुप्ता,मार्टिन मरांडी,भोला यादव,गंगाधर यादव,लंबोदर यादव,बिमल राय, विभीषण शर्मा, प्रशांत मंडल,शशी कसेरा,पीयूष कुमार,आर्यन राज,अमित चाँद, आदर्श लाहा ,रूपेश मंडल,पीयूष लायक,सुधांशु केशरी, शिवसिंह,निखिल राज,शिवम् सिंह ,युवराज सिंह,पीयूष सिन्हा शुभम् मिश्रा एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे

## मनरेगा, आवास, बिरसा हरित आदि योजनाओं की हुई समीक्षा, डीसी ने दिए कई कई दिशा निर्देश



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़। गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा, आवास योजनाओं की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने मनरेगा में आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम, बिरसा हरित ग्राम योजना, योजना पूर्णता 21-22 से पूर्व एवं अबतक, पीडी जेनरेशन, लेबर इंगेजमेंट, एरिया आफिसर एप, एनएमएस, पोटो हो खेल विकास, दीदी बाड़ी योजना, एमबी एंट्री, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण एवं अबुआ आवास में मजदूरी भुगतान , कूप निर्माण सहित अन-?य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।एबीपीएस में 99 प्रतिशत प्रगति 10 मार्च तक करने का निर्देश सभी प्रखंड को दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप योजना में योजना मद की राशि 2 करोड़ तक खर्च करने का निर्देश दिया गया। पीडी जेनरेशन में सभी बीडीओ को मानिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। हिरणपुर प्रखंड को एनएमएमएस कराने का निर्देश दिया गया। सोशल ऑडिट में सभी प्रखंडों को तीन दिन के अंदर एक्शन टेकन ऑनलाइन करने का निर्देश दिया गया। मापी पुस्त को मनरेगा सॉफ्ट में प्रविष्टि करने का निर्देश दिया गया। पोटो हो खेल मैदान में स्कूलों में जाकर योजना लेने का निर्देश दिया गया।? बैठक में उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अनियंत्रित होकर हाइवा पलटा दो बच्चा सहित तीन लोग घायल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**लिट्टीपाड़ा(पाकुड़ )सिमलौंग ओपी क्षेत्र के सिमलोंग सिंगारसी मुख्य सड़क कुंजबोना मिशन स्कूल के समीप बुधवार देर रात तेज रफ्तार डस्ट लोड हाइवा अनियंत्रित होकर एक घर को तोड़ते हुए दूसरे घर के ऊपर पलट गया।जिससे घर के अंदर सो रहे दो बच्चा सहित तीन लोग घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे सभी घायलों को ग्रामीणों की सहयोग से उठाकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया।जहां डॉक्टरों द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार कर सरस्वती टुडू 6 एवं मरांगमय सोरेन 32 को बेहरत इलाज के लिए पाकुड़ रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हाइवा संख्या जेएच 04एक्स 9050 अमड़ापाड़ा क्षेत्र के पत्थर क्रेसर से पत्थर डस्ट लेकर सिमलोंग की ओर जा रहा था ।कि कुंजोबोन मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर पहले शिवधान टुडू का पीएम आवास को ठोकर मारते हुए संझलो टुडू के घर मे जाकर पलट गया। जिससे मिट्टी एवं टाली से बना घर पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया। संझलो टुडू के घर मे सो रही पत्नी मरांगमय सोरेन 32 बेटी सरस्वती टुडू 6 एवं बेटा राकेश टुडू 3 गंभीत रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की तेज आवाज से आसपास के ग्रामीण अपने अपने घरों से निकलकर बचाव कार्य मे जुट गया। इस दौरान घर के मलवे में दबे दो बच्चों सहित तीन लोगों को निकालकर पुलिस की सहयोग से लिट्टीपाड़ा हॉस्पिटल पहुंचाया गया। ओपी प्रभारी नवीन कुमार ने बताया दुर्घटना में घायल तीनो को हॉस्पिटल पहुंचाया गया है। हाइवा चालक फरार है।मामले की जांच किया जा रहा है।

# अदाणी-इस्कॉन ने महाकुंभ में 50 लाख लोगों में बांटा 11 लाख किलो महाप्रसाद

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**गोड्डा / प्रयागराज** ~ महाशिवरात्रि पर्व पर संगम में स्नान के साथ ही साल का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ समाप्त हो गया। यह आयोजन कई मायने में एतिहासिक रहा। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने प्रयागराज की यात्रा की और इसके चलते कई कीर्तिमान बने। एक अनुमान के मुताबिक महाकुंभ में तकरीबन 60 करोड़ लोगों ने श्रद्धा की डुबकी लगाई। इसके साथ ही महाकुंभ में एक और कीर्तिमान स्थापित हुआ। वह है किसी भी धार्मिक आयोजन में सबसे अधिक लोगों में मुफ्त महाप्रसाद के वितरण का। यह अनोखा कीर्तिमान अदाणी समूह और इस्कॉन ने मिलकर स्थापित किया है। 50 लाख श्रद्धालुओं में बांटा गया 11 लाख किलो महाप्रसाद इस्कॉन के प्रवक्ता के मुताबिक महाकुंभ के दौरान 50 लाख श्रद्धालुओं में 11 लाख किलो महाप्रसाद का वितरण किया गया। यह दुनिया के किसी भी धार्मिक आयोजन में मुफ्त वितरित भोजन का कीर्तिमान है। बता दें कि



महाकुंभ 2025 में अदाणी समूह और इस्कॉन ने महाकुंभ श्रद्धालुओं की सेवा के लिए हाथ मिलाया था। अदाणी समूह की तरफ से प्रतिदिन 1 लाख लोगों में महाप्रसाद के वितरण का संकल्प लिया गया था। महाकुंभ में 50 लाख लोगों को मुफ्त महाप्रसाद वितरित किया गया। 3 लाख किलो चावल और 2 लाख किलो से ज्यादा दाल की खपत इस्कॉन प्रवक्ता ने बताया कि इस आयोजन के दौरान भारी मात्रा में खानपान की सामाग्री की खपत हुई। प्रवक्ता के मुताबिक महाप्रसाद को बनाने में ढाई लाख किलो सब्जी, 2 लाख 25 हजार किलो दाल, 3 लाख किलो चावल और 2 लाख 25 हजार किलो दाल की खपत हुई। इसके अलावा 1 लाख 75 हजार किलो आटे और 33 हजार लीटर देसी घी का इस्तेमाल भी किया गया। इसमें से ज्यादातर सामान प्रयागराज के लोकल व्यापारियों से ही खरीदा गया जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली।

**सेवा में लगाए लाखों घंटे**

इस्कॉन के प्रवक्ता ने बताया कि इस सेवाकार्य में स्वंम सेवकों ने 36 लाख काम के घंटे लगाए। सेवा करने वालों में देश-विदेश से लोग आए और उन्होंने प्रसाद निर्माण और वितरण की प्रक्रिया में हिस्सा लिया। इसमें अदाणी समूह के वे 5000 कर्मचारी भी शामिल हैं जिन्होंने महाकुंभ में आकर श्रद्धालुओं की सेवा की। अदाणी समूह ने अपने कर्मचारियों को कुंभ में जाकर सेवा करने का अनुपम मौका दिया था। 5000 कर्मचारियों ने महाकुंभ में जाकर अपनी सेवाएं दीं। समूह इसे अपने कर्मचारियों के बीच सेवाभाव विकसित करने के एक मौके की तरह देखता है। इस बार अदाणी समूह की तरफ से महाकुंभ में व्यापक स्तर पर सहयोग एवं सेवा देखने को मिली। समूह ने इस्कॉन के अलावा देश के सबसे पुराने धार्मिक एवं आध्यात्मिक प्रकाशन गीताप्रेस गोरखपुर से हाथ मिलाया। गीताप्रेस के साथ मिलकर अदाणी समूह ने 1 करोड़ आरती संग्रह का वितरण किया। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने 21 जनवरी 2025 को अपने परिवार के साथ इस्कॉन में प्रसाद सेवा एवं आरती संग्रह वितरण में हिस्सा लिया।

## रूपनारायणपुर में गरीबों के हक के लिए जन आंदोलन, पंचायत को सौंपा गया ज्ञापन



**चित्तरंजन।** गरीब और बेघर परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने, जल आपूर्ति दुरुस्त करने और क्षेत्र को स्वच्छ बनाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में रूपनारायणपुर ग्राम पंचायत कार्यालय में जन डेपुटेशन दिया गया। इस दौरान पंचायत को एक ज्ञापन सौंपकर आवास योजना में पारदर्शिता, पाइपलाइन कार्य की शीघ्र पूर्णता और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार की मांग की गई। जनसमूह ने जोर देकर कहा कि आवास योजना का लाभ केवल वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे और इसके लिए लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित की जाए। साथ ही, क्षेत्र में लंबे समय से अधूरी पाइपलाइन परियोजना को पूरा कर जल आपूर्ति की समस्या का समाधान करने की अपील की गई। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के अध्यक्ष सुनील मंडल ने कहा, ÷सरकारी योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचना चाहिए। प्रशासन को इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतनी होगी।÷ वहीं, सचिव गणेश पंडित ने क्षेत्र में बढ़ती गंदगी और कचरा प्रबंधन की अनदेखी पर चिंता जताई और ठोस कदम उठाने की मांग की। नेता मेघनाद बनर्जी और

## मालडीहा में जलछाजन यात्रा का हुआ आयोजन,



**जामताड़ा ।** गुरुवार को जिले के फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत बुनुडीह पंचायत के मालडीहा में जलछाजन यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष राधा रानी सोरेन एवं जिले के उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, विधायक प्रतिनिधि परेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को पौधा देकर के स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष राधारानी सोरेन ने कहा कि किसानों को सरकार की योजना में अपनी सहभागिता निभाते हुए अपने घर व गांव में योजनाओं का चयन करें और अपने आप को लाभान्वित करें तथा जल संचयन में विभाग की मदद करें जलछाजन योजना के तहत मेडबंदी, तालाब निर्माण डोभा निर्माण मेड पर वृक्षारोपण कर कृषि के नई तकनीक अपना कर अपनी आजीविका को अपनाए और जीवन में आगे बढ़े। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मृदा एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देना, जनभागीदारी के माध्यम से लोगों में जलछाजन के प्रति जागरूकता लाना है।

वहीं उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने कहा जिले में अधिकतर आबादी खेती करके ही अपना जीवन यापन करते हैं, ऐसे में किसानों को जलसंचयन की जानकारी होना एवं उनका लाभ का ज्ञान होना अति आवश्यक है, तभी ही वह कम पानी में भी अपने खेती कर पाएंगे और वह अपने खेती के लिए मानसून पर भी निर्भर नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मृदा एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देना, जनभागीदारी के माध्यम से लोगों में जलछाजन के प्रति जागरूकता लाना और प्राकृतिक संसाधनों जैसे उपजाऊ मिट्टी, भू-गर्भ जल, जंगल और

## बंद घर का ताला काट कर चोरों ने किया हाथ साफ

**गोड्डा ।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर के समीप चोरों ने एक बंद पड़े घर में हाथ साफ कर लिया। चोरों ने बंद घर का ताला काटकर समानों की चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार घर की मालकिन संगीता देवी अपने पैतृक गांव लुकलुकी गयी थी तभी चोरों ने बंद घर को देखकर निशाना बनाया और बंद ताला काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने रसोई में रखे गैस सिलिंडर, बर्तन सहित समर्शेबल की भी चोरी कर ली है। समर्शेबल के समीप लोहे को चेन से बांधा हुआ था, जिसको चोरो ने काट कर चोरी कर ली। वहीं जब परिवार के लोग घर पहुंचे तो देखा कि घर में चोरों ने हाथ साफ कर लिया है। जिसके बाद इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी गयी है। वहीं नगर थाना की पुलिस ने पीड़ित को इस मामले का आवेदन देने को कहा।इन दिनों शहर में चोरी की घटना लगातार बढ़ रही है। हाल ही में शहर में एक ही दिन हनुमान मंदिर व दुर्गा मंदिर में दान पेटी की रकम को चोरों ने उड़ा लिया, जिसका अता-पता पुलिस नहीं लगा पायी है। वहीं एक दिन के अंतराल पर ही रौतारा चौक के शिक्षक के घर से भी चोरी कर ली गयी थी, इसका भी पता अब तक नहीं चल पाया है। चोरी की बढ़ रही घटनाओं में नशेड़ी ग्रुप शामिल है। नशे की लत पड़ चुके लड़कों द्वारा आये दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, इस पर किसी का शिकंजा नहीं है।

## श्रीमद्भागवत कथा को लेकर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा, 151 कन्याएं हुईं शामिल



**महागामा ।** प्रखंड अंतर्गत कुशमहारा गांव स्थित शिव- पार्वती मंदिर प्रांगण में श्री श्री -108 श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा यात्रा कथा व्यास स्वामी श्री अभिनंदन अभिषेक शास्त्री जी महाराज की अगुवाई में निकली हुई। कलश यात्रा में 151 कन्या शामिल हुई। कलश शोभायात्रा यात्रा यज्ञ स्थल कुशमहारा से निकल कर हनवारा गेरुआ पहुंची जहां कलश में जल भरकर वापस कथा स्थल पहुंचा। कलश शोभायात्रा गाजे-बाजे एवं रथ के साथ निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में कन्याएं शामिल हुई जो सिर पर कलश लेकर जय श्री राम, राधे राधे के जयकारे लगाते हुए चल रही थी। इस दौरान समाजसेवियों के द्वारा जगह -जगह शिविर लगाकर शोभायात्रा में शामिल कन्याओं को पानी, शरबत और फल का वितरण किया गया। कलश शोभायात्रा कथा स्थल पहुंचने पर कथा व्यास स्वामी श्री अभिनंदन अभिषेक शास्त्री जी महाराज के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश की स्थापना की गई। कलश स्थापना के साथ ही नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारम्भ हो गया। इस दौरान महाप्रसाद का वितरण किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। है। कलश शोभायात्रा में हनवारा थाना की पुलिस साथ चल रही थी जो रास्ते से होकर आने-जाने वाले वाहनों को साइड कर शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए रास्ता क्लियर करा रही थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। कथा का आयोजन संध्या 5 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। इस दौरान स्वामी श्री अभिनंदन अभिषेक शास्त्री जी महाराज के द्वारा श्रोताओं को कथा श्रवण कराएंगे। भगवान कथा को लेकर 10 हजार स्क्वायर फीट में भव्य पंडाल बनाया गया है जहां एक साथ हजारों की संख्या में श्रोता बैठकर कथा श्रवण करेंगे। भागवत कथा से माहौल भक्तिमय हो गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमिटी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

## न्यू आजाद क्लब कुरता फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन



**नारायणपुर(जामताड़ा)** न्यू आजाद क्लब कुरता द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में इडियट बॉयज क्लब गोलपाहाड़ी और जे जे क्लब नयाडीह के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट में हुआ, जिसमें जे जे क्लब नयाडीह ने 4-2 से जीत दर्ज की। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।समापन समारोह में गोड्डा के पूर्व सांसद एवं जामताड़ा कांग्रेस कमिटी के गार्जियन श्री फुरकान अंसारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और आश्वासन दिया कि स्थानीय प्रतिभाओं को बड़े मंच तक पहुंचाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।इस अवसर पर रविंद्र हेमब्रम, बसंत मुर्मू, आनंद मुर्मू, सरयू किस्कू सहित कई गणमान्य लोग एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए न्यू आजाद क्लब कुरता की पूरी टीम को बधाई दी गई।

## चंद्रशेखर आजाद के पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय विभूति मंच ने दी उन्हें श्रद्धांजलि



**गोड्डा ।** वीरता और साहस के पर्याय, महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के पुण्यतिथि पर गुरुवार को पोस्ट ऑफिस चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद स्मारक स्थल पर राष्ट्रीय विभूति मंच के तत्वाधान में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मंच सचिव राजेश कुमार झा ने कहा कि आज पूरा राष्ट्र चंद्रशेखर आजाद जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद कर रहा है। उन्होंने कहा था ÷दुश्मनों की गोलियों का हम सामना करेंगे, आजाद ही रहे हैं आजाद ही रहेंगे÷। इस प्रण को को उन्होंने जीते जी निभाया। आज ही के दिन 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेज और उनकी पुलिस ने एक मुखबिर की मदद से चंद्रशेखर आजाद को चारों ओर से घेर लिया था। आजाद ने पुलिस के अनेक सिपाहियों को धराशाई किया, जबकि आजाद को चार गोलियां लग चुकी थी। पुलिस उन्हें जिंदा पकड़ना चाहती थी, लेकिन आजाद ने प्रतिज्ञा ली थी कि वह कभी पुलिस के पकड़ में नहीं आएंगे। जब आजाद के पास अंतिम गोली बची तो उन्होंने अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने के लिए वह गोली पुलिस पर ना चला कर खुद अपनी कनपटी परमार्ली और इस प्रकार 27 फ़रवरी 1931 को प्रातः 10~30 बजे भारत माता के इस महान सपूत ने अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। आज अल्फ्रेड पार्क को आजाद पार्क के रूप में प्रयागराज में जाना जाता है। वहीं सर्वजीत झा ने कहा कि जब मजिस्ट्रेट के सामने आजाद को प्रस्तुत किया गया मैं स्टेट में उनका नाम पूछा तो उन्होंने बताया नाम आजाद पिता का नाम स्वतंत्र मां का नाम भारत माता, घर का पता जेल खाना। ऐसे महान क्रांतिकारियों के कारण देश आजाद हुआ। हम सभी देशवासियों को क्रांतिकारियों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सैनिक बृजेश झा न भी कहा की इजरायल, जापान के नागरिकों की तरह भारतीयों को भी अपने देश और राष्ट्रीयता से प्रेम होना चाहिए। सीताराम राउत, पवन कुमार झा, मोहम्मद अफरोज उर्फ गुड्डू, पवन कुमार साह, श्रवण महतो, विवेकानंद शुक्ला आदि ने भी स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित किया।

## अफजलपुर बड़ा रामपुर जलापूर्ति योजना को लेकर किष्टोपुर में हुई बैठक

**नाला (जामताड़ा)।** गुरुवार को अफजलपुर बड़ा रामपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत किष्टोपुर में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल जामताड़ा के विक्रम कुमार बरनवाल ने की। बैठक में मुखिया प्रेमो कोड़ा ,दिलीप टुडू सहित सभी जलसहिया मौजूद थे। इस क्रम में सभी जल सहिया को बताया गया कि अपने ग्रामों में सभी घरों में जल शुल्क 65 रुपया कलेक्शन करना है एवं जितने भी घर छूटे हुए हैं उन सभी घरों का लिस्ट बनाकर जल उपलब्ध कराया जाए ताकि उन सभी घरों को जल्द से जल्द पानी उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक कृष्ण दे के द्वारा बताया गया कि सभी जल सहिया अपने स्तर से जल्द से जल्द सभी बंद पड़े चपकालों की जियोटेक एवं चालू चपकालों की जियोटेक जल्द से जल्द करें ताकि इस बढ़ती गर्मी के मौसम में चापाकल को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जा सके किया इस अवसर पर अफजलपुर पंचायत के मुखिया प्रेमो कोड़ा के द्वारा बताया गया कि हमारे पंचायत में कई घरों में पानी कनेक्शन छूटा हुआ है जिनको पांच दिनों के अंदर कनेक्शन की जाए। संवेदक मनोज कुमार सिंह के द्वारा

## एनएसएस स्वयंसेवको ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे में दी जानकारी




**जामताड़ा ।** महाविद्यालय जामताड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा सात दिवसीय शिविर के दौरान गुरुवार को गांव में लोगों से मिलकर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ काकोली गोराई एवं स्वयंसेवक - सेविकाओं के द्वारा विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय योजनाओं की जानकारी दिया गया। यह सारी योजनाएं लोगों को लाभान्वित कर रही हैं या नहीं, कौन-कौन से लोग किन-किन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं और कौन सी योजनाएं का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है इसकी एक तालिका तैयार की गई है। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम पदाधिकारी के विचारों को भी लिया गया ग्रामीणों को समझने के लिए उपयोग किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक - सेविकाएं लोगों से जुड़े उनकी समस्याओं को समझते हुए उन्होंने दूर करने के लिए उन्हें अस्वस्थ किया। इसके अलावा स्वयंसेवक कौन है सरकार के महत्व कांची योजनाओं को कैसे प्राप्त कर सके उसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। ताकि आने वाले समय में उन ग्रामीणों को ऐसी योजनाओं से वंचित न रहना पड़े यह कार्यक्रम से ग्रामीण काफी खुश नजर आए। मौके पर काफी संख्या में महाविद्यालय के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं उपस्थित थे।

## निष्पादन को लेकर सकारात्मक प्रयास जरुरी : पीडीजे



**गोड्डा।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के आलोक में आगामी 08 मार्च 2025 को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसकी सफलता को लेकर गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमार पवन की अध्यक्षता में एडीजे प्रथम कार्यालय कक्ष में न्यायिक पदाधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ- अलग अलग बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अधिक से अधिक मामले के निष्पादन को लेकर सकारात्मक पहल करने का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में शामिल बिजली, वन विभाग, मापतौल, एक्साइज, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य कार्यपालक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित मामले के निष्पादन को लेकर संबंधित अधिकारियों व अधिवक्ता संघ के साथ बैठक की गई। इस दौरान प्राधिकरण के अध्यक्ष कुमार पवन ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को लाभ सुनिश्चित हो इसके लिए सभी पक्षों को नोटिस भेजने की प्रक्रिया डालसा की ओर से शुरू है। संबंधित विभाग की ओर से भी इसमें शीघ्रता करने की जरुरत है। जरुरत के अनुसार समय के पूर्व भी समझौता कराकर मामले का निष्पादन कराया जा सकता है। खासकर बिजली, एक्साइज, पुराने लंबित मामले आदि मामले के निष्पादन में सकारात्मक रूख अख्तियार करने की जरुरत है। लोक अदालत के माध्यम से जिले के अभिवंचितों व आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को लाभ मिले इसके लिए सभी पक्षों को प्रयास करने की जरुरत है। कार्यक्रम का संचालन डालसा सचिव डा. प्रदीप कुमार ने किया। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारियों में परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय, जिला जज तृतीय रीचा श्रीवास्तव, जिला जज चतुर्थ पियूष श्रीवास्तव, सीजेए अर्जुन साव, सबजज रेमी प्रफुल्ल बा, नरेन्द्र कुमार, रजिस्टार सतीश मुंडा, एसडीजेएम अनुप्रिया सांगा, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी खालिद रसीद अलि अहमद , जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार झा, महासचिव योगेश चंद्र झा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## फतेहपुर में बीड़ी गुटखा आदि दुकानों में की गई छापामारी

**नाला (जामताड़ा)।** एनटीसीपी के तहत नाला विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुर मोड़ स्थित विभिन्न दुकानों में छापामारी की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी अधिकारी डॉ सरवीणा सिन्हा ने बीड़ी पान मशाला आदि बेचने वाले दुकानों में छापामारी की। उन्होंने कहा कि नियम का उल्लंघन करने वाले धारा 6ए 2003 के उल्लंघन के तहत विभिन्न दुकानों में छापामारी के पश्चात 4 दुकानों में 650 जुर्माना लगाया गया। साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि नियमों का सख्त अनुपालन करें वरना अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। मौके पर फतेहपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी अपने सशस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

## भक्ति जागरण एवं झांकी का आयोजन



नारायणपुर (जामताड़ा)~ महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नारायणपुर बाजार स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भव्य भक्ति जागरण एवं झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक भक्ति संगीत और झांकियों का आनंद लेते रहे।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव, प्रमुख अंजना हेम्ब्रम एवं बीएचओ डॉ. सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मनमोहन सिंह, पवन पोद्दार, दीपक सिन्हा, नारायण पोद्दार, संजय पोद्दार, पोद्दार, लक्ष्मी नारायण मंडल एवं मुकेश पाण्डेय सहित युवा समिति नारायणपुर बाजार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।भक्ति जागरण में पटना की गायिका स्नेहा सोनल एवं गायक मुकेश मनुहर की टीम ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके गाए ÷बांगड़ भोला÷, ÷बेटी जेसन जमाय नहीं पेलों रे÷ सहित कई भजनों पर श्रोता झूमते और नाचते नजर आए।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण धनबाद के एजीआर महाकाल झांकी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत भव्य झांकी रही। कलाकारों ने मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध की झांकी को बेहद आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा, भोले बाबा की बारात सहित विभिन्न झांकियों ने भी श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

## मेहरमा में बैंक ऑफ इंडिया के नए शाखा का हुआ शुभारंभ



**मेहरमा ।** बैंक ऑफ इंडिया के धनबाद अंचल के द्वारा नए शाखा का शुभारंभ गोड्डा जिला अंतर्गत मेहरमा प्रखंड के पत्तिचक स्थित शिवम् मार्केट में किया गया। जहां इसका उद्धघाटन बैंक ऑफ इंडिया के धनबाद अंचल के आंचलिक प्रबंधक विकास रंजन पटनायक, उप आंचलिक प्रबंधक दिनेश प्रसाद, मेहरमा के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार, बैंक ऑफ इंडिया मेहरमा शाखा के शाखा प्रबंधक शशांक रंजन आदि गणमान्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं इस बैंक ऑफ इंडिया के नए शाखा के शुभारंभ होने पर शाखा प्रबंधक शशांक रंजन ने कहा कि मेहरमा शाखा के पूर्व पांच शाखा पूरे जिला में थे, अब मेहरमा में खुलने से कूल छः संख्या हो गई । पिछले काफी दिनों से शाखा खुलने की मांग थी, जिसको लेकर गुरुवार को मेहरमा के पत्तिचक -पिरोजपुर में नए शाखा का शुभारंभ हुआ। उद्धघाटन समारोह के अवसर पर बारह मुद्रा लोन एवं केसीसी लोन का भी सेंक्शन पत्र वितरण किया है। साथ ही दो स्वयं सहायता समूह के बीच लोन वितरण किया गया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया गया कि आप हमारे बैंक से जुड़े और खाताधारक बने एवं आपकी सारी परेशानियां दूर होगी। मेहरमा से पूर्व महागामा में शाखा रहने के कारण मेहरमा वासियों को कई परेशानियां होती है, लेकिन अब उन्हें परेशानी नहीं होगी तथा सरकारी योजनाओं से संबंधित ऋण बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा आसान तरीके से प्राप्त होगा। इस मौके पर सभी पंचायत के मुखिया, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सहित कई लोग मौजूद थे।

## महाशिवरात्री के अवसर पर वार्ड 6 के शिवालय में हुई धूम धाम से पूजा अर्चना

**गोड्डा ।** महाशिवरात्रि के अवसर पर वार्ड 6 बायपास रोड पर स्थित शिवालय में पार्षद प्रितम गाडिया ने सपत्नीक नगर के लोगो की सलामती के लिए षोडशोपचार विधि से पूजन किया।पूजा में पंडित मृत्युंजय झा ने रुद्राभिषेक दुध, दही, ईख, गुड़, घी और शहद से करवाया गया उसके बाद पंचामृत से स्नान करवाया गया। इत्र, सुगंधित तेल, फुल माला आदी से सजाया गया। इस बीच स्थानीय महिलाओ के द्वारा पारंपरिक गीत गाया गया। हवन के बाद माता पार्वती को सिंदूर दान के बाद सभी ने मिलकर आरती की और प्रसाद का वितरण किया गया। पूजन मे श्वेता गाडिया, अन्नू देवी, आस्था गाडिया, हर्षिता गाडिया, रुबी देवी, सरस्वती गाडिया आदि लोग उपस्थित थे।

## हरिनाम संकीर्तन का आयोजन

**कुंडहित (जामताड़ा) ।** कुंडहित प्रखंड के नीजमानधरा शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर बंगला जात्रा गाना एंव हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। वुधवार महाशिवरात्रि की रात कलिकाता के जात्रा टीम द्वारा बंगला जात्रा पाला सब सिंदुरे सुख मिलेना का मंचन किया गया। जात्रा पला में कलाकारों द्वारा एक से बड़कर एक प्रतिभा का परिचय दिया।वही गुरुवार सुबह बीरभूम जिले के मयनाडाल निवासी तीथी सुत्तधर द्वारा कुंजबिलास कीर्तन गाना का परिवेशन किया। गुरुवार को कुंजविलास के साथ तीन दिवसीय संस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित भक्तों के बीच महाप्रसाद खिचड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला स्थित मयनाडाल निवासी किर्तनीया तीथी सुत्तधर णने मर्मस्पर्शी कीर्तन तथा भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को घंटो तक मोहित कर रखा। उन्होंने राधा एवं कृष्ण के आकर्षक वेशभूषा में नृत्य गीत के साथ भगवान द्वारा बृंदावन में किए गए रास लीला का व्याख्यान किया। कहा कि जिस जगह में कृष्ण भगवान के लीला कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है वहां की भूमि वृंदावन स्वरूप माना जाता है। कीर्तन प्रसंग के साथ-साथ उन्होंने लोक शिक्षा, जीव की मुक्ति के लिए भगवान का अनमोल उपदेश तथा सदाचार, सद्बुद्धि के बारे में भी नृत्य गीत के माध्यम से श्रोताओं को बताया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक कमेटी व सहयोगी के द्वारा उपस्थित श्रोता भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर दुलाल चन्द्र माजि, परिमल घोष, चिंतामणि माजि,विश्वनाथ माजि, अमित खां, मिहिर घोष, मानिक घोष, बाबन मंडल, वरुण घोष, जादू पटर, ब्रज घोष, ध्रब घोष के अलावे काफी संख्या में कमिटी सदस्य एंव भक्त गण उपस्थित थे।

## मधुमक्खियों के हमले में पिता-पुत्र घायल

चितरंजन~ चित्तरंजन में दोपहर करीब 1~45 बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब मधुमक्खियों के झुंड ने एक पिता और पुत्र पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। डीवी बॉयज स्कूल के छात्र विभास श्रीवास्तव की द्वादश बोर्ड परीक्षा का केंद्र बीआरएस स्कूल में था। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह अपने पिता महेंद्र श्रीवास्तव के साथ बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में फतेहपुर बाजार के निकट जगन्नाथ मंदिर के पास अचानक मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। हमले के कारण दोनों बाइक से गिर पड़े और दर्द से तड़पने लगे। स्थानीय लोगों ने आग जलाकर मधुमक्खियों को भगाने की कोशिश की और चटाई व बोरी से ढककर बचाने का प्रयास किया।एक राहगीर ने अपनी गाड़ी से उन्हें केजी अस्पताल पहुंचाया। विभास की हालत स्थिर है, लेकिन महेंद्र श्रीवास्तव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्हें अस्पताल के 20 नंबर बेड पर भर्ती कराया गया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो सरदार सरोवर बांध आर जंगल सफारी पार्क रेय दाड़ां केदा

# राष्ट्रपति दो बांध बेनाव रेयाक् कुरूमुटू आर तकनीकीको दो मित्-मित् तेय बाडाय केदा

**खोबोरिया**

**राजपीपला ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो सारदीमाहां हिलोक् नर्मदा जिला रेयाक् एकतानगर रे मेनाक् सरदार सरोवर बांध आर जंगल सफारी पार्क रेय दाड़ां केदा। उनी सांवते राज्यपाल आचार्य देवव्रत आर राज्य प्रोटोकॉल मंत्री जगदीश विश्वकर्मा हों सेटेराकानकिन ताहेंकाना।

राष्ट्रपति दो सरदार सरोवर बांध रेयाक् चिरहाय ञेल केदा, ओका दो विंध्याचल आर सतपुड़ा पर्वतमाला रेयाक् जेंगेत् चिरहा ताला रे इंजीनियरिंग कौशल रेयाक् मित् पारतुल काना। राष्ट्रपति दो बांध बेक्नाव रे लागावाकान मुरूमुटू-कामी आर आयमा ढेर दाक् जारवाय, नहर नेटवर्क आर



जोगाव दाक् रेयाक् पोरहो बाबोत रेय बाडाय ओचो केत्कोआ।

सरदार सरोवर नर्मदा निगम रेन प्रबंध निदेशक मुकेश पुरी दो राष्ट्रपति आर राज्यपाल ताकिने लायातिकना जे नोआ बांध दो गुजरात आर आडे-पासे रेयाक् पोनोतको आर ओन्डेनको होड़को चेत् पोरहोको ञामेत् काना।

राष्ट्रपति दो जंगल सफरी पार्क रे जगुआर, एशियाई तारूप्, बंगाल टाइगर, सोनाछीता सांव-सांवते पक्षीशाला रे दिसाम-दुनिया रेन जुदा-जुदा जात रेन चेंड़ें-चिपरूप्को सोर खोने ञेल केत्कोआ। पार्क रेन शिक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा दो जंगल सफरी पार्कबाबोत रे बानाडाये एम एना।

## राजस्थान विधानसभा रे कांग्रेस विधायककोवाक् तोंगे गेया बहिष्कार

**खोबोरिया**

**जयपुर।** कांग्रेस विधायक दो सारदीमाहां हिलोक् हों विधानसभा कार्यवाही बहिष्कार दो तोंगे गेको दोहो केदा आर छाटका खोन बाहरे रे गे जामाड़ाकानको ताहेंयेना। ओनको बाको ताहेंनकान रे प्रश्नकाल रेयाक् कार्यवाही दो चालाक्कान गेया। उप मुयमंत्री दीया कुमारी दो तेहेञ बजट बहस रेयाक् तेलाय एमोक्आ आर नोआ ताला रे आयमा लेकानाक्कोय सारसादले दाड़ेयाक्आ। बजट चर्चा रे विधायकको होतेते राकाप् आकात् टोठाकिया खोजको हों सेलेद रेयाद आस मेनाक् आकात्आ। हें मेनखान कांग्रेस विधायककोवाक् बिरोध दो नित हों तोंगे गेया आर ओनको दो बालेमाहां हिलोक् लेका गे तेहेञ हों विधानसभा रेयाक् गेट रेको धरनाया। विधानसभा खोन बाहरे माड़ाङ रेन सिरामंत्री अशोक गहलोत दो सरकारउपार रे हठधर्मिता रेयाक् दोस लादेय तुलुच्ए मेन केदा जे सरकार दो



आपनाराक् मित्सिडरी दो हिड़िञ काते एपेरहेंडेच् चाबाय लागित् लाहाक् लेककान ताया। उनी दोय मेन केदा जे तिन दो कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा दो विधानसभा अध्यक्षाक् ओड़ाक् ते चालाव काते दुक जाहिर काथाय मेन केदा, ओनका रे सरकार दो गालमाराव लागित् लाहाक् लेककान ताया। आसोल काथा दो नोआ काना जे एपेरहेंडेच् दो पारोमेन जारूममाहांहिलोक् खोन बेनाव आकाना, तिन दो मंत्री अविनाश गहलोताक् इंदिरागांधी उपार रे टिप्पीण तायोम कांग्रेस विधायक दोको बिरोध केदा।नित हाबिच् ते काथा बाङ पान्तेयाकान इयाते नोआ दो बाङ पुस्टाउआकाना जे बजट बहस रे नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूलीयाक् भाषण ताहेंना से बाङ। जुदि एपेरहेंडेच् तोंगे गे ताहेंन काना, एन्डेखानकांग्रेस विधायक बाको ताहेंन रे गे सरकार सेच् खोन वित्त मंत्रीबजट बहस रेयाक् तेला दोय एमोक्आ, ओका दो राजस्थान विधानसभा रेयाक् नागाम रे नोआ दो आडी बापुडिच् ओबोसता होयोक्आ।

## टीएसपीसी रेन मित्टेन झुकाल रासिया 652 पीस जिवात् गोली साँवतेको साप् केदेया

**खोबोरिया**

**पलामू।** नक्सली खिलाफ चालावक् कान अभियान रे पलामू पुलिस दो मित् होड़को साप् आकादेया। पुलिस दो नक्सली संगठन टीएसपीसी रेन झुकाल रासिया उपेन्द्र भुइयां दो पलामू जिला रेयाक् मनातू थाना टोठा रेयाक् केदल खोनको साप् आकादेया। नोआ निशानदेही रे 315 एमएम रेयाक् 652 पीस जिवात् गोली पुलिस दोको ञाम आकादा। नक्सली उपेन्द्र दो आयमा कारतूसे ओको दोहो आकात् ताहेंना आर संगठन ठेन इदीय लागित् दोल बागीकातेय हेच् लेना। जिला रेन एसपी रीष्मा रमेशन दो लुखीवार हिलोक् आयाक् कार्यालय कक्ष रेय लाई केदा जे उपेन्द्र भुइयां दो बोछोर 2021 खोन टीएसपीसी रे झुकाले ताहेंकाना। नोआ लाहा 2014 खोन टीएसपीसी रेन दोल रासया ए ताहेंकाना। टीएसपीसी रेन आक्रमण




गंझू आर शशिकांत दोल रे सेलेत्ए ताहेंकाना। नुई खिलाफ पलामू, लातेहार आर चतरा जिला मिलाउ काते 12 गोटेच् आपराधिक मामला दर्ज मेनाक्आ। चतरा जिला रे अफीम चास नोसटोय ओकते पुलिस सांवते तापाम रे उपेन्द्र सेलेत्ए ताहेंकाना। नोआ घोटोना रे बारया पुलिसकामियाकिन गोच् लेना। एसपी दोय लाईकेदा जे थोड़ा सोमोय लाहा उनी दो 652 पीस जिवात् गोली ओको कातेय दोहोकात् ताहेंना। उनी साप् केदे तायोम उनीयाक् निशानदेही रे कोहबरिया बिर रे चाटाईनी रेयाक् खोह रे डालडा रेयाक् सासाडरोड डबबा रे ओकोकाते दोहोयेन जोतो कारतूसको ञाम केदा। दोल बागीकाते कारतूस इदीय इयाते उपेन्द्र ठेन जाहान हाथियार बाङ ताहेंकाना। उनी दो संगठन बाबोत रे आयमा जारूड़ान काथाय लाईआकादा। नोआ लागित् छानबीन रेस आकाना। उपेन्द्र भुइयाँ दो मनातू थाना टोठा रेयाक् छोटकीनागद रेन कानाय।

## जोस बटलराक् कप्तानी रे मुसकिलाक्, इंग्लैंड दो चैंनियंस टॉफी खोने बाहरेयेन तायोम राकाप् एना कुकली

**खोबोरिया**

**तालाहौर।** इंग्लैड रेयाक् सीमित ओवर रे टीम रेन कप्तान जोस बटलराक् आयुर रेयाक् कामी रे गोरहो लागाव एहोप् एना। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 रे अफगानिस्तान बिरूद रेको हारावेन तायोम, ओना इयाते इंग्लैंड दो टूर्नामेंट खोने बारहेयेना, उनीयाक् कप्तानी रे गाहिर कुकली राकाप् एहोप् एना। अफगानिस्तानाक् बिरूद डू-एण्ड-डाई रेयाक् मुकाबला रे इंग्लैड ठेन ओपसोर ताहेंकाना, मेनखान उनी दो ओना रेयाक् पोरहो बाय हाताव दाड़ेवादा। नोआ खोनलाहा ग्रुप स्टेज रे ऑस्ट्रेलिया बिरूद 351 रन बेनाव कातेक् रे हों रिकॉर्ड लक्ष्य पांजाय लागित् ते असमर्थता दो उनीयाक् ओबोसता होंय कोमजोर लेदा। मैच तायोम प्रेस कॉन्फ्रेंस रे बटलर दोय आंगोच् केदा जे उनी दो आयाक् कप्तानी आर दारायकान दिन लागित् ते हुदिस-बिचार जारूड़ काना। उनी दोय मेन केदा जे आसोकाय ते रिजल्ट दो आबोवाक् नाखा रे बाङ ताहेंकाना। इञ दो नोआ रेबिचार होयोक् जारूड़ काना जे इञ दो मुसकिलाक् रेन हिंसकानाय से फन्डाव रेन।

**इंग्लैंडआक् संघर्ष आर बटलराक् फॉर्म रे कुकली**

2019 सेरमा रे वनडे आर 2022 टी 20 विश्व कप जिताउ तायोम इंग्लैंड दो गातेक् लागित् तेय कोम आकाना। 2023 सेरमा रे वनडे विश कप रे टीम दो एयायाक् जायगा रे ताहेंकाना। मेनखान 2024 सेरमा



रेयाक् टी 20 विश्व कप रे भारत ठेन खोन सेमीफाइनल रेको हाराव लेना। हाली रे गे इंग्लैंड दो भारत बिरूद रे टी 20 ई(4.1) आर वनडे (3.0) सीरीज रेको हाराव एना। ओना इयाते टीम रेयाक फॉर्मखातिर ते चिनता ढेर एना। बटलराक् कप्तानी रे नित इंग्लैड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) दो फायसला हाताव जारूड़कानताया। चेत् इंग्लैंड दो टी 20 आर वनडे रे नावांनिच् कप्तानको तोलासकोआ से बटलर गे लाहा सेच्ओपसोरे ञामा नोआ कुकली दो इंग्लिश क्रिकेट रे दारायकान थोड़ा हापता हाबिच् चर्चा रेयाक् बिसोय बेनाव ताहेंना।

## हाथियार साँवते पोनया बोदमासको साप् ञाम एना

**खोबोरिया**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस दो मित् माराङ अपराधी बोदमास राहुल सिंहदोल रेन पोनया बोदमासको साप् आकात्कोआ। नोको बोदमास दो मनिका थाना टोठा रेयाक् दोमुहान सोर खोनको साप् आकात्कोआ। साप् केत्को बोदमासको रे छिपादोहर थाना टोठा रेयाक् ओपाग आतो रेन गौतम कुमार आर देवबली कुमार सिंह, लातेहार रेयाक् टेमकी आतोरेन साहिल अंसारी आर मनिका रेन रोहित सिंह सेलेत् मेनाक्कोआ।पुलिस दो बोदमासको ठेन खोन मित्टेन पिसतोल आर गोली होंको ञामआकादा। लुखीवार हिलोक् खोबोरियाको गालमारावाको तुलुच् एसपीकुमार गौरव दोय लाई केदा जे पुलिस दोको बाडाय लेदा जे राहुल सिंह दोल रेन बोदमास दो बेनावक्कान फोरलेन सोड़ोक बेनाव साइडिंग रे हिंसाक घोटोनाको एमावाको पोंथायेत् काना। बाडायेन रे डीएसपी भरत राम आर थाना प्रभारी शशि कुमाराक् आयुर रे पुलिसदो सेंदरा अभियानको चालाव केदा। पुलिस ञेलते बोदमास दो आकोवाक्मोटरसाइकिल ते दादाड़को कुरूमुटू केदा।



मेनखान पुलिस दो जोतो बोदमासको साप् केत्कोआ। एसपी कुमार गौरव दोय लाई केदा जेसाप्एन बोदमास दो रोंगदारी उठाउ लागित् टोठा रे बोतोर बानावदोहोयको खोजोक्कान ताहेंना। उनी दोय लाई केदा जे थोड़ा दिन लाहा हों नोको बोदमास होतेते बेनावक्कान कामी ठांय रेको फायरिंग लेदा। एसपी दोय लाई केदा जे बोदमास ठेन खोन पिसतोल छाडा पोनया जिवात गोली, बारया मोटरसाइकिल घालोक् एटाक् सामानको ञाम आकादा।

## बीडीओ दो धानभाषा पंचायत रेयाक् आंगनबाड़ी केंद्रको ञेञेले दाड़ाँ तियाक् केदा

**खोबोरिया**

**रानीश्वर, दुमका।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा दो लुखीवार हिलोक् धानभाषा पंचायत रेयाक् लाटूलिया आतो रेयाक्आंगनबाड़ी केंद्र सं या मित् आर बार रे हेच् कातेय ञेल ओनमान केदा। ओना ओकते केंद्र सं या बार रे टीकाकरण कामी चालाक् कान ताहेंना। शिविर रे आंगनबाड़ी केंद्र रेन सेविका सहायिका आरएएनएमको ताहेंकाना। आंगनबाड़ी केंद्र मित् रेन सेविका बाछावको लागित् मित्टेन लेकमान माईनो मरांडीये लालिस लेदा जे उनीयाक्बाछाव होयेन तायोम हों नितोक् हाबिच् बाहाली चिठी बाय ञाम आकादा।कागजात जांच आर पर्यवेक्षिका सांवते गालमाराव रेय लाई आकादा जे नितोक् हाबिच् बाछाव कामीहोरा दो बाङ पुराउ आकाना। आम सभारे माइनो सांवते एटाक् आर पेया आरदासीको आयमा



कागजातको जोमायको मेन आकावात्कोआ। हरिपुर रेयाक् आंगनबाड़ी केंद्र रेन सेविका बाछाव रेयाक् लालिस जांच आकाना। सांवते गे बीडीओ दो प्रखंडछाटका रे मेनाक् खाद्य आपूर्ति गोदाम होंय जांच आकादा।

# गुजरात टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय रेको मानोत केदेया डॉ सपन कुमार

## भारोतिया संस्कृति, दामआन आर गोपारसी रेयाक् राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रे जारूड़ानाक् कामी : डॉ सपन

**खोबोरिया**

**जरमुंडी, दुमका।** गुजरात पोनोत रेयाक् अहमदाबाद रे मेनाक् गुजरात टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय सेच् खोन ओरामेन बाछड़ी पोरोब रे झारखंड पोनोत रेयाक् ब्लैकबोर्ड मॉडल रेन जनक शिक्षक डॉ सपनकुमार पत्रलेख आसोल पेड़ा रूप नेवता कातेको मान मानोत केदेया। डॉ सपन दो गुजरात टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय होते ते शिक्षा क्षेत्र रेराष्ट्रीय आर अंतरराष्ट्रीय तारी रे नवाचार लागित् यांति हामेट लागित् राष्ट्रपिता महात्मा गांधीयाक् चरखा आर अहमदाबाद रेयाक् अटलब्रिज मोमेंटो एमकातेको मानोत केदेया। गुजरात विश्वविद्यालय रेयाक् बाछड़ी कामीहोरा रेयाक् उढ़ाउ दो जिला रेयाक् जरमुंडी प्रखंड रेयाक् डुमरथर स्कूल रेन माहांसोय डॉ सपन कुमार दो मालीबातीजेरेत् कातेय उढ़ाउ केदा। नोआ ताक रे गुजरात विवि रेन कुलपति, कुलसचिव, विवि रेयाक् तारी रे मेनाक् महाविद्यालयको रेन प्रिंसिपलआर मोंज कामीयको प्रोफेसर, खोंदरोंदिया पाठवा आरपाठवाको सेलेत् एना। नोआ ताक रे डॉ सपन दोय मेन केदा जे गुजरातलेकान विकसित पोनोत रे यांति हामेट गुजरात प्रोद्योगिकीटेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय होते ते आसोल पेड़ा रूप रे नेवताय आर उनी ओका मानोते ञामाकादा। नोआ दो उनी लागित् गोरोब रेयाक् काथाकाना, नोआ ते आरहों बेसते कामीय रेयाक् उसकुर ञामाकाना। उनीदोय मेन केदा जे नावां शिक्षा नीति लेकाते भारोत दिसाम रे शिक्षा क्षेत्र रे गुणातेयाक् बोनोदोल होयोक् काना नोआ रे 5 प्लस 3 प्लस 3 प्लस 4 रेयाक् अवधारणा सांवते गोपारसी ते शिक्षा, दामआन आधारित शिक्षा आर आपनार संस्कृति सांवते शिक्षा रे खास जोर एम आकावादा।उनी दोय मेन केदा जे विवि तारी रे पाड़हाक् पुथीको आडी आलगानबानाव आकाना,



पाठवा मित् ते आकोचाक् रूचि लेकाते, आकिलको हामेट दाड़ेयाक्आ। डॉ सपन दोय मेन केदा जे भारत रेयाक् राष्ट्रीयशिक्षा नीति 2020रेयाक् प्रावधान लेकाते आपनार संस्कृति, गोपारसी आर निजटेहाड रे मित् ते कामीय रेयाक् जारूड़ मेनाक्आ। भारत दो आरहों विश्व गुरू बानाव लागित् आपनार संस्कृति, दामआन सांवते लाहाक् रेयाक् जारूड़ मेनाक्आ। उनी दोय मेन केदा जे बेहिंसारेन पुजारीयाक् ओत रे मेनाक् साबरमती आश्रम दो निहाली सोमोयरे हों दुनिया भोर रेन होड़को लागित् भारत रेयाक् स्वतंत्रता संग्राम रे चारखा रेयाक् एनेमको लायेत् काना। अहमदाबाद रेयाक् अटल ब्रिज आधुनिक भारत रेयाक् तकनीकी रेयाक् चिन्हा काना नोते अहमदाबाद रे मेनाक् नरेंद्र मोदी स्टेडियम दो आयाक् माराङतेत् आर विश्व रेयाक् आडी माराङ स्टेडियम होयोक् रेयाक् गोरोब ए ञाम आकादा। गुजरात टेक्नोलॉजी विवि दो भारत रेयाक् नामडाक विश्वविद्यालय रे सेलेत् मेनाक्आ।

## व्हाटसऐप रेयाक् नावां फीचर : वॉयस मैसेज दो टेक्स्ट रे बोदोल कातेक् पाड़्हावपे

**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाटसऐप दो वॉयस मैसेज ट्रांसक्रिप्शन फीचरे लॉन्च केदा। ओना ते वॉयस मैसेज दो टेक्स्ट रेबोदोल कातेक्पे पाड़हाव दाड़ेयाक्आ। नोआ फीचर दो ओनको होड़लागित् ते आडी मोंज होयोक्आ जाहांय दो जाहांन कारोन ते वॉयस मैसेज बाको आंजोम दाड़ेयाक्कान। नोआ फीचर दो ओनको यूजर्सलागित् ते आडी पोरहोवानाक् होयोक्आ जाहांय दो ऑफिस मीटिंगरेको ताहेंन काना। सार्वजनिक जायगा रे आर नोंकान ओबोसता रेमताहेंन खान जाहां रे वॉयस मैसेज बायेम आंजोम दाड़ेयाक् काना। व्हाटसऐप रेयाक् नोआ फीचर ऑडियो मैसेज दो ऑटोमैटिक रूप ते टेक्स्ट रे कन्वर्टटोक् काना। आसोल काथा दो नोआ काना जे ट्रांसक्रिप्शन प्रक्रिया दो पुराउ ते फोन भितरी रे ताहेंन काना। ओना इयाते नोआ फीचर दो एकेन स्पीड मोतो दो बाङ बिचकोम पुराउ ते सुरक्षित ताहेंन काना। व्हाटसऐपए दाबियेत् काना जे बाङ दो आपनार गे आर बाङ दो जाहांय तेसारिच् होड़ गे, नोआ मैसेज दो बाय एक्सेस दाड़ेयाक्आ। नोआ फीचर दो एंड्रॉयड आर आईओएस बानार प्लेटफॉमर्स रे ताहेंना आर नोआ लागित् ते यूजर्स दो आकोवाक् व्हाटसऐप अपडेट होयोक् ताकोआ। नोआ नावां फीचर रेयाक् बेवहारदो आडी आलगा गेया। यूजर्स दो एकेन वॉयस मैसेज क्लिक होयोक् ताकोआ। ओना तायोम ओनको



दो ट्रांसक्राइब रेयाक् ऑप्शनको ञामा।नोआ बाछाव तायोम वॉयस मैसेज दो थोड़ा सेकंड रे टेक्स्ट रेबोदोलोक्आ। नोआ फीचर दो ओनको यूजर्स लागित् ते आडीपोरहोवानाक् होय दाड़ेयाक्आ जाहांय दो जेलेञ माछावाक् वॉयस रिकॉर्ड दो उसारा बाये आंजोम दाड़ेयाक्आ आर नोंकान जायगारे साडे आचोय लागित् ते मुसकिल गेया। व्हाटसऐप रेयाक् नावां फीचर ते आयमा यूजर्स आडी फायदाको ञामा। जोतो खोन लाटू फायदा दो नोआ काना जे नित वॉयस मैसेज दो बिन आंजोम तेको पाड़हाव दाड़ेयाक्आ।नोआ छाडा, नोआ दो ओनको लागित् ते मोंज होयोक्आ ओकोयको दोभाषा बुझाउ लागित् ते दिकातको आईकावेत् काना। व्हाटसऐप रेयाक् नोआ नावां फीचर दो वॉयस मैसेज बेवहार दो आर आलगाहोयोक्आ। कंपनी दो मित् तालाव आयाक् प्लेटफार्म मोंज बेनाव लागित् ते नावां-नावां अपडेटे आगुयेत् काना, ओना इयाते यूजर्स दो आर सुबिसताको ञाम दाड़ेयाक्आ।

**हावड़ा स्टेशन रे रिटायरिंग रूम आर डॉर्मिटोरी अस्थाई रूप ते बोंद**


नोआ दाराय ते नोआ सांव जोड़ाव सांघाड़ियाको बाडाय ओचोयेत्कोआ जे नोवाको जायगा रे नावांआरोय कामी होयोक् लागित् ते हावड़ा स्टेशनरे रिटायरिंग रूम आर डॉर्मिटोरी दो **बिनबिलामाते प्रभाव** खोनदाराय खोबोर हाबिच् दो अस्थाई रूप ते बोंद आकात्आ। कामी पुराक् रे नोआ सांव जोड़ाव सेवा दो दोड़हा ते एहोप् रूवाड़ोक्आ। ओसुबिता लागित् दुक मेनाक्आ।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**

पूर्व रेलवे

नोंडे पांजालेपे : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कैमरा रेयाक् नोजोर रे हिंजला मेला

















सारेच्आक् दो पेज 1 रे

सिरामंत्री दोय मेन केदा जे पोनोत रेन रूगीको लागित् एयर एंबुलेंस बेबोसतायिच् झारखंड दो दिसाम रेयाक् पाहिल पोनोतकाना। उनी दोय मेन केदा जे रि स बाबोत रे जावगे खोबोरआंजोमोक् काना। नोआ ओबोसता दो नोंडेनको रूगीकोवाक् जासती भीड़ इयाते जानामोक् काना। सिरामंत्री दोय मेन केदा जे दारायकानमोंड़ें बोछोर रे रि स रेयाक् मोरामुती होयोक्आ। ओना इयाते लोड कोम ओचोय लागित् रांची रे आर मित्टेन मेडिकल कॉलेज झिजुक्आ। उनी दोय मेन केदा जे आबो रेन सरकाराक् नोआ दो एतोहोप् आकाना। विपक्ष दो नित आडी आयमा फील्डिंग होयोक् ताकोआ। सरकार दो विपक्षकोवाक् मिमित् बोल रे छक्काय दाला। उनी दो केंद्र सरकार उपार रे झारखंड सोंगे सौतेला बेवहारेत् रेयाक् दोसे लादे आकादा। उनी दोय मेन केदा जे खिलोडको उतनाउ लागित् ते केंद्र सरकार दो एकला गे गुजरात दो मोट पायसा रेयाक् 30 प्रतिशत पैसाय एमाय काना, मेनखान झारखंड दो एकेन 20-30 करोड़ गेय ञामेत् काना, एन काते रे हों नोंडेनको खिलाड़ी दो मित् गे तालाव मेडलको हामेटेत् काना। भाजपा विधायक सीपी सिंह सेच् खोन गितिल बाङ ञामोक्कान रेयाक् कुकली रे सिरामंत्री हेमंत सोरेन दो तेला एमोक् तुलुच् लादे आकात् दोस दो मिछा गेय मेतावादा। नोआ रे विपक्ष दोय उसात् एना आर नारेबाजी काते बेल रेय सेटेरेना आर वॉकआउट एना। नोआ रे सिरामंत्री दोय मेन केदा जे विपक्ष दो तेला एमावाको लागित् उनी दो पुराउ ते सापड़ाव कातेय हेच् आकान ताहेंकाना, मेनखान सदन रे विपक्ष गे बानुक्कोआ।

# हिजला मेला खेलकूद महोत्सव के कबड्डी पुरुष और महिला वर्ग का खिताब दुमका और देवघर के नाम

- बालीवाल में जिला स्कूल दुमका ने कायम किया अपना दबदबा
- खो खो पुरुष और महिला वर्ग में जामताड़ा और करबिंधा चैंपियन
- पुरुष और महिला लम्बी दूरी दौड़ में तोनोय और शीलवंती अव्वल
- आफीसियल दौड़ में वरुण और विद्यापति ने मारी बाजी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** 14 वर्ष से कम आयु के बालक वर्ग में राजेश हेम्ब्रम, विजय हेम्ब्रम तथा बिट्टू कुमार और बालिकाओं के 200 मीटर दौड़ में मर्शिला मुर्मू, दीपिका कुमारी तथा उर्मिला टुडू ,आफीसियल 100 मीटर दौड़ में वरुण कुमार, विद्यापति झा एवं गोविंद प्रसाद क्रमशः पहले से तीसरे स्थान पर रहे।

पुरुषों के 5000 मीटर दौड़ में तोनोय मुर्मू,सुनील टुडू, अभिषेक कुमार,सोकोल किस्कू तथा सुरुधन बास्की और महिलाओं के 3000 मीटर दौड़ में शीलवंती सोरेन, दीपिका कुमारी, संतरी हेम्ब्रम,बिजुरी हेम्ब्रम तथा सोनाली टुडू क्रमशः पहले से पांचवें स्थान पर रहे।



**कबड्डी-** महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में देवघर ने करबिंधा को 26-09 के अंतर से परास्त कर तथा पुरुष वर्ग में एसपी कालेज दुमका ने देवघरक्क को 41-27से परास्त कर खिताब पर कब्जा कर लिया।

**खो खो-** महिला वर्ग का खिताब करबिंधा टीम के नाम रहा। फाइनल मुकाबले में उसने करबिंधा क्क टीम को 25-19 से परास्त किया। पुरुष वर्ग में जामताड़ा ने पाकुड़ को 22-12 के अंतर से हराकर फाइनल का खिताब अपने नाम कर लिया।

**वॉलीबॉल-**वालीबाल के फाइनल मुकाबले में जिला स्कूल दुमका की टीम ने पहला सेट गंवाकर अंतिम दो सेट 25-20,25-22,25-22 से जीतकर खिताब पर कब्जा जमा लिया।

इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जिला स्कूल ने शिकारीपाड़ा को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-22,25-23 के अंतर से तथा दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में संत जेवियर्स कालेज ने दुमका पुलिस लाइन टीम को तीन सेट तक चले मुकाबले में 25-19,22-25 तथा 26-24 के अंतर से परास्त कर फाइनल में अपना स्थान बनाया था।

## कुलपति ने किया पुस्तक का विमोचन



**दुमका।** समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुजीत कुमार सोरेन और सहायक प्राध्यापक डॉ सुनील कुमार यादव द्वारा लिखित पुस्तक सामाजिक विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विमोचन सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह और आईक्यूएसी समन्वयक डॉ नीलेश कुमार भी मौजूद थे।

## नामजद अभियुक्तों को अविलम्ब गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिजन ने एसपी से लगाई गुहार

**दुमका।** जिले के मसलिया थाना अंतर्गत आने वाले दलही की रहने वाली आशा देवी ने पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है उन्होंने आवेदन में कहा है कि मसलिया काण्ड सं0- 14/2025 के हत्या करने के प्रयास वाले सभी नामजद अभियुक्तों को मसलिया थाने के द्वारा किसी भी प्रकार का कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेरे दामाद सीताराम रजवार को हलधर महतो, श्याम सुन्दर रजवार, दिनेश रजवार, संगम रजवार व बजरंगी महतो के द्वारा दुकान में मारकर गिरा दिया सभी अभियुक्त उसे मरा हुआ समझकर भाग खड़ा हुआ। मुझे पता चलने पर हमलोगों ने मसलिया थाना में लिखित आवेदन देते हुए सभी अपराधियों पर मुकदमा दर्ज कराया। जिसके बाद से ही सभी अभियुक्त फरार चल रहे हैं। 17 फरवरी से मेरा दुकान बंद है, जिससे हमारी रोजी-रोटी और ईलाज कराने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

## शराब को लेकर बवाल पर सास-बहू ने लगायी आग, सास की मौत

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** काठीकुंड थाना क्षेत्र में सास और पुतोहू में शराब नहीं पीने की बात को लेकर हुई बकझक के कारण सास ने आवेश में आकर कमरा बंद कर पुतोहू को आग लगा देने की बात बताई जा रही है। जिससे पूतोहू बुरी तरह झूलस गई इस आग के लपेटे में सास भी आ गई । जिससे इलाज के लिए दोनों को इलाज के लिए दुमका के फूलो झानो मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। सास 50 वर्षीय रानी पहाड़िन की मौत हो गई। वहीं पांच बच्चों की मां सुंदरी रानी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के शव को बेटा देवा देहरी को सौंप दिया है। उक्त बातें बलिया रानीडीह की रहने वाले बहू सुंदरी कि मां नीलमुनि देहरी ने बताया। उन्होंने कहा कि समधन रानी पहाड़िन शराब की लत के आगे मजबूर थी। बेटी ने उसे शराब पीने मना किया जिससे सास नाराज हो गई । उन्होंने कहा कि सोमवार को माघी पूजा पर बेटी के घर आई थी। शराब नहीं पीने को लेकर जोरदार बहस हो गई। सास उसे कमरे



में ले गई और अंदर से कमरा बंद कर आग लगा दी। अगर समय रहते बेटी को बाहर नहीं निकाला होता तो उसकी भी जान चली जाती। उन्होंने कहा कि समधन ने ही बेटी को मारने के लिए आग लगाई थी। बहरहाल पुलिस मामला दर्ज कर घटना के सभी पहलुओं को लेकर जांच शुरू कर दी है।

------------------

**क्या कहते हैं अधिकारी**

काठीकुंड के थाना फरवरी त्रिपुरारी कुमार ने बताया कि मामला नगर थाना में इस बाबत बयान दर्ज संभवत की गई है।

अभी काठीकुंड थाना नहीं पहुंचा है। मामला आते ही विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## बासुकीनाथ में मर्याद और घूंघट की रस्म के साथ संपन्न हुआ शिवविवाह



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी ।** महाशिवरात्रि पर बाबा बासुकीनाथ धाम में शिव विवाह संपन्न होने के पश्चात गुरूवार को घूंघट और मर्याद की रस्म हुई। इसके साथ त्रिदिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का समापन हो गया। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर बुधवार देर रात बाबा बासुकीनाथ और मैया पार्वती की विधि विधान से शादी संपन्न हुई। धूमधाम से शिव विवाह संपन्न होने के बाद गुरुवार की शाम मंदिर प्रांगण में घूंघट और मर्याद की रस्म संपन्न हुई, जिसमें वधू पक्ष और वर पक्ष के बीच भेंट और नेग का आदान प्रदान हुआ। वैवाहिक कार्यक्रम के समापन की इस बेला में बनारस से आए शहनाई वादक काजिम हुसैन और उनकी टीम ने शहनाई वादन किया। उन्होंने एक से बढ़कर एक धुन बजाकर कार्यक्रम में समा बांध दिया। मर्याद की रस्म में अच्छी संख्या में प्रशासनिक पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य लोग व पंडा पुरोहित के साथ सैकड़ों श्रद्धालु स्त्री पुरूष शामिल हुए। मर्याद और घूंघट की रस्म संपन्न होने पर बाबा बासुकीनाथ पालकी पर सवार होकर मैया पार्वती को विदा करके ले गए।

## जरमुंडी : शिवगंगा में डूबने से मौत

**जरमुंडी ।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर बासुकीनाथ में मेला देखने आया एक 25 वर्षीय युवक की शिवगंगा में डूब जाने से मौत हो गयी। मृतक युवक की पहचान जरमुंडी थानाक्षेत्र के चमराबहियार पंचायत अंतर्गत बेदिया गांव निवासी रामेश्वर मरांडी के पुत्र लभरा मरांडी के रूप में बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक लभरा मरांडी अपने दोस्त के साथ मेला देखने बासुकीनाथ आया था। रात्रि करीब 12 बजे वह शिवगंगा में पैर धोने गया था। बताया जाता है इस बीच गहरे पानी में फिसलकर गिर जाने से वह डूब गया। उसके दोस्त ने शोर मचाया तो आसपास स्थानीय लोग जुटे और युवक का शव बुधवार की रात्रि डेढ़ बजे के करीब शिवगंगा से बाहर निकाला।

## दिगल पहाड़ी डैम कूड़ादान में तब्दील, ग्रामीण परेशान

**रानीश्वर ।** दिगल पहाड़ी डैम इन दिनों बेकार हो गया है। नहर में जगह जगह कूड़ादान में तब्दील हो गया है। नहर में कूड़ा की अंबार जमा हो गया है। जो बरसात के पानी को भी बहने से रोक रही है। और नहर में जल बहाव के बदले जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जल जमाव के कारण नहर में मच्छरों समेत अन्य कीट, पतंग की प्रकोप बढ़ गया है। जो ग्रामीणों के लिए बीमारी का कारण बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नहर की निर्माण गांव के बीच में की गई है। नहर के किनारे घर बसा है और नहर में जल जमाव ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गया है।

## पीजी के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तिथि 7 तक बढ़ी

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने पीजी एडमिशन के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तिथि 7 मार्च तक बढ़ा दी है। मालूम हो कि इससे पहले विश्वविद्यालय ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तिथि 22 से 28 फरवरी तय की थी, जिसे अब बढ़ाकर 7 मार्च कर दिया गया है। ज्ञात हो कि कई छात्र-छात्राएं के पास सभी जरूरी डॉक्यूमेंट नहीं होने के कारण वे अपना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और एडमिशन नहीं करा पा रहे थे, इसलिए विश्वविद्यालय ने इस प्रक्रिया को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया है।

## व्यक्ति की गरिमा सिर्फ पद धारण से नहीं बल्कि पद की गरिमा बनाए रखने से है : डॉ गोपाल



**दुमका ।** क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक डॉ0 गोपाल कृष्ण झा ने अपने अपने कर्मक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी डॉ0 दिलीप कुमार झा,भारत स्काउट एवं गाइड,दुमका के जिला सचिव विजय कुमार दूबे,संथाल आवासीय विद्यालय,मसलिया के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 कौशल कुमार एवं प्लस टू उच्च विद्यालय , नाला के प्रभारी प्राचार्य उत्तम कुमार मंडल को शाल ओढ़ाकर,स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित करने के बाद सम्मान समारोह में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों को सम्बोधित करते हुए डॉ0 गोपाल कृष्ण झा ने कहा कि व्यक्ति की गरिमा सिर्फ पद धारण करने से ही नही बल्कि पद की गरिमा बनाए रखने से है।

## सड़क दुघर्टना में दो घायल

**सरैयाहाट ।** हंसडीहा-देवघर मुख्य मार्ग स्थित भलुआमोड़ के समीप गुरुवार को सड़क दुघर्टना में एक युवती सहित दो व्यक्ति घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए एनएच की एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में बंदरधसा गांव की पोबी कुमारी (18 वर्ष) एवं हरलाटांड़ के पप्पू यादव (35 वर्ष) शामिल है। दोनों का इलाज सीएचसी में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, उक्त घायल युवती शुंभेश्वरनाथ मंदिर पूजा कर साइकिल से अपना घर लौट रही थी। वहीं घायल पप्पू यादव भी मंदिर से पूजा कर बाइक से अपना घर जा रहा था। इसी दौरान भलुआ मोड़ के निकट बाइक अनियंत्रित होकर साइकिल सवार युवती को पीछे से धक्का मार दिया। जिससे वह जमीन में गिरकर घायल हो गई। वहीं बाइक सवार भी सड़क पर गिरकर घायल हो गया।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मित्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686